रांची, रविवार, 2 नवंबर 2025
संवत 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष 12 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 53 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक



4 ▶▶ मैनेजमेंट का मूलमंत्र है टीमवर्क
जन्नत फेम अभिनेत्री सोनल चौहान की मिर्जापुर : द फिल्म में हुई एंट्री ◀ 6

# महिला वर्ल्ड कप फाइनल: भारतीय टीम की जीत के लिए लोग आश्वस्त

संवाददाता



**रांची :** नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम रविवार को महिला क्रिकेट इतिहास का सबसे बड़ा दिन देखने जा रहा है। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में ब्लू ब्रिगेड वर्ल्ड कप जीत की नई कहानी लिखने को उतरेगी। सामने होगी दक्षिण अफ्रीका की टीम, जो पहली बार फाइनल में पहुंची है और इतिहास के इस मंच पर अपना पहला ताज पाने की कोशिश करेगी।

इस मैच को लेकर जहां पूरे देश में उत्साह का माहौल है, वहीं एमएस धोनी के शहर रांची में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। रांची में नन्हीं क्रिकेट खिलाड़ियों में मैच को लेकर जुनून साफ देखा जा रहा है। उनका कहना है कि उन्हें पूरा भरोसा है कि आज भारतीय टीम मैच जीतेगी और वर्ल्ड चैंपियन बनेगी। वे भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना भी कर रही हैं।

गौरतलब हो कि भारत तीसरी बार महिला वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचा है। इससे पहले 2005 में मिताली राज की कप्तानी में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खिताबी जंग लड़ी थी, लेकिन जीत हाथ नहीं लगी थी। वही कहानी 2017 में भी दोहराई गई जब इंग्लैंड के घरेलू मैदान पर भारतीय टीम कुछ रन से चूक गई। मगर इस बार तस्वीर बदलने की उम्मीद पूरी टीम में नजर आ रही है।

हरमनप्रीत कौर ने फाइनल से पहले कहा हमारे पास अनुभव भी है, ऊर्जा भी, और देश का भरोसा भी। अब वक्त है इसे जीत में बदलने का। उनके शब्दों में वही आत्मविश्वास झलक रहा है जो किसी बड़े मुकाम से पहले टीम इंडिया में हमेशा देखा जाता है।

वहीं दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वूलवार्ट के लिए यह ऐतिहासिक मौका है। उनकी टीम पहली बार फाइनल में उतरेगी। वूलवार्ट ने कहा कि यह सिर्फ एक मैच नहीं, बल्कि दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट के लिए एक नई शुरूआत है।

अब तक भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 34 वनडे मुकाबले खेले जा चुके हैं। इनमें भारत ने 20 बार बाजी मारी है, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 13 मुकाबले जीते हैं। एक मैच बेनतीजा रहा। यानी कागज पर भारत की स्थिति मजबूत है, मगर फाइनल में हर ओवर का दबाव और हर रन की कीमत अलग होती है।

वर्ल्ड कप में दोनों टीमें अब तक छह बार आमने-सामने आ चुकी हैं। रिकॉर्ड बराबरी पर है तीन-तीन जीत। ऐसे में यह फाइनल किसी भी टीम के पक्ष में जा सकता है। दिलचस्प यह भी है कि मौजूदा टूनार्मेंट में लीग मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से मात दी थी। उस जीत से भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा है। डीवाई पाटिल का मैदान इस ऐतिहासिक जंग का गवाह बनेगा। हर निगाह उस ट्रॉफी पर टिकी है, जो 20 साल से भारत के हाथों से फिसलती रही है। इस बार चाहत सिर्फ जीत की नहीं, बल्कि एक नई सुबह की है जहां हर भारतीय बेटी अपने बल्ले से इतिहास लिखेगी और हर चौके-छक्के के साथ देश की धड़कन तेज होगी।



## बाइक पेड़ से टकराई युवक और युवती की मौत

**लातेहार :** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत ओल्हेपाट गांव के समीप रविवार को एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार युवक और युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान पूनम कुमारी (18) ग्राम लावागड़ा, थाना हेरहंज तथा अनुज उरांव (20) ग्राम डहु, थाना टंडवा के रूप में हुई है ।

मिली जानकारी के अनुसार दोनों बालू ग्राम में लगे जतरा मेला को देखकर वापस अपने घर लौट रहे थे । इसी दौरान ओल्हेपाट गांव के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई । टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के साथ बाइक पर सवार युवक और युवती काफी दूर जा गिरे। इधर स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस की टीम एंबुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंची और दोनों को अस्पताल पहुंचाया ,परंतु जांच के बाद चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजय सिद्धार्थ ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर युवती के परिजनों ने बताया कि युवती शनिवार से ही अपने घर से निकली हुई थी ।

## झारखंड में 'मोंथा' का असर खत्म, अब बढ़ेगी ठंड

**रांची :** बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान 'मोंथा' का असर अब झारखंड में खत्म हो गया है। इसके साथ ही राज्य भर में अब ठंड के तेजी से बढ़ने की संभावना है।

दरअसल, झारखंड के विभिन्न जिलों में 'मोंथा' के चलते तीन-चार दिनों से बारिश हो रही थी। इससे आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा। विभाग का कहना है कि रांची सहित कई जिलों में देर रात और सुबह में कुहासा छाया रहेगा।

पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश गोड्डा जिले के महागामा में 80.2 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा बोआरीजोर में 75.6 मिमी, , पथरगामा 56.2 मिमी, , गोड्डा 48.4 मिमी, , हंटरगंज में 32 मिमी, महेशपुर में 42 मिमी, , कोडरमा में 32 मिमी, , सतगांव 24 मिमी और सानजोर में 23.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री, जमशेदपुर में 31.1 डिग्री, डाल्टनगंज में 27.4 डिग्री, बोकारो में 28.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## अमित शाह ने साफ की स्थिति महागठबंधन पर बोला हमला

### बिहार में सीएम सीट खाली नहीं, यहां नीतीश कुमार हैं



**पटना :** गृह मंत्री अमित शाह ने मुजफ्फरपुर के साहेबगंज में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एनडीए प्रत्याशी के लिए मतदान करने की अपील की। इसके बाद महागठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैं बाबा गरीबनाथ धाम को प्रमाण कर अपने भाषण की शुरुआत करता हूं। उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी में माता सीता का भव्य मंदिर बनेगा। छह नवंबर को आपको मतदान करना है। मुजफ्फरपुर में एनडीए के तीन प्रत्याशी हैं। इसमें से एक हमारे मंत्री भी हैं। आपका वोट किसी प्रत्याशी को विधायक और मंत्री बनाने के लिए मत दीजिएगा। आपका वोट बिहार को जंगलराज से बनाने के लिए देना है। लालू-राबड़ी के समय में 15 साल में बिहार का जो पतन हुआ है, वही जंगलराज आज भेष बदलकर फिर से आने वाला है। अगर मुजफ्फरपुर वाले प्रण लेंगे कि एनडीए को जिताना है तो जंगलराज को कोई नहीं ला सकता है।

**'एम्स, एयरपोर्ट, मेट्रो, पावरप्लांट समेत कई सौगातें दी'** : पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार की जोड़ी ने बिहार में काफी विकास किया। एम्स, एयरपोर्ट, मेट्रो, पावरप्लांट समेत कई सौगातें दी। जंगलराज से बिहार को विकास की ओर ले जाने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है। नरेंद्र मोदी के शासनकाल में ही मुजफ्फरपुर की लीची आज देश दुनिया में पहुंचकर आज मिठास बांटने का काम कर रही है। यह सब लालू-राबड़ी राज में नहीं हो सकता था। लालू-राबड़ी शासनकाल में यहां पर जी कृष्णैया की पीट-पीटकर हत्या की गई। अगर फिर से लालू के बेटे सीएम बनते हैं तो बिहार में तीन नए मंत्रालय खुलेंगे। एक अपहरण, दूसरा रंगदारी और तीसरा हत्या को बढ़ावा देने वाला मंत्रालय खुलेगा। अगर आपने पीएम मोदी और सीएम नीतीश के नेतृत्व सरकार बनाई तो बाढ़ मुक्त बिहार बनाने के लिए मंत्रालय बनाया जाएगा।

**'लालू और सोनिया गांधी को अपने बेटों की चिंता सताती है'** : अमित शाह ने कहा कि लालू प्रसाद और सोनिया गांधी को अपने बेटों को चिंता सताती है। लालू अपने बेटे तेजस्वी को सीएम और सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को पीएम बनाना चाहते हैं। लेकिन, दोनों को मैं बता दूं कि यहां सीट ही खाली नहीं है। वहां पीएम मोदी हैं तो यहां सीएम नीतीश कुमार हैं। दोनों में कोई सीट खाली नहीं है और न होने वाली है। इसलिए जो लोग दिन में सपने देख रहे हैं, वह सपने देखना छोड़ दें। बिहार की जनता एनडीए की सरकार फिर से लाने जा रही है।

## मेक्सिको के डिपार्टमेंटल स्टोर में धमाके के बाद लगी आग, 22 लोगों की गई जान, 12 घायल

**मेक्सिको सिटी :** उत्तरी मेक्सिको के सोनोरा राज्य की राजधानी हर्मोसिलो में एक डिपार्टमेंटल स्टोर में विस्फोट के बाद आग लग गई। हादसे में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई, जिनमें चार बच्चे भी शामिल हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने रिपोर्ट के हवाले से बताया कि विस्फोट शहर के एक डिपार्टमेंटल स्टोर में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग तेजी से इमारत और आस-पास के वाहनों में फैल गई, जिससे कई लोग अंदर फंस गए। रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंचकर सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। घटना में घायल हुए 12 लोगों को स्थानीय अस्पतालों में पहुंचाया गया। शुरूआती जांच में आग लगने की वजह खराब ट्रांसफार्मर से निकले धुएं को बताया जा रहा है।



विस्फोट स्थानीय वाल्डोज स्टोर की एक दुकान में हुआ, जिसके बाद इमारत में आग लग गई। सोनोरा के अधिकारियों ने आतंकवादी हमले की संभावना से इनकार किया है।

इससे पहले शुक्रवार को न्यू मैक्सिको के आर्टेसिया में स्थित तेल रिफाइनरी में जोरदार धमाका हुआ। धमाके के बाद भीषण आग लग गई, जिस पर काबू पाने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी। धमाके और आग की वजह से निकलने वाला धुआं काफी दूर तक फैल गया। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई।

सितंबर की एक घटना में, मेक्सिको सिटी में एक गैस टैंकर ट्रक में विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया था कि इस घटना में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। मैक्सिकन राजधानी की सरकार प्रमुख क्लारा ब्रुगाडा मोलिना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह दुर्घटना जारागोजा रोड पर कॉनकॉर्डिया पुल के नीचे हुई। यह दुर्घटना करीब 49,500 लीटर क्षमता वाला टैंकर पलटने के बाद हुई। घायलों को विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया है। दुर्घटना में 18 वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में 19 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में अनंत सिंह को किया गया गिरफ्तार



**पटना :** बिहार में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। मोकामा के दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में पटना एसएसपी की टीम बाढ़ स्थित कारगिल मार्केट पहुंची, जहां से बाहुबली अनंत सिंह को गिरफ्तार किया। इससे पहले सूचना आई थी कि अनंत सिंह पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर सकते हैं। इसी क्रम में पटना एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम एक्टिव हुई और अनंत सिंह को कस्टडी में ले लिया। बता दें कि मोकामा में दुलारचंद यादव हत्याकांड में बिहार पुलिस अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने औपचारिक रूप से मामले का प्रभार संभाल लिया है।

जांच की निगरानी सीआईडी ??के डीआईजी जयंत कांत कर रहे हैं, जिन्होंने स्वयं घटनास्थल का दौरा किया और सभी पहलुओं की जांच की। पुलिस की कई टीमें शनिवार को बसावन चक पहुंची थीं, जहां यह घटना घटी थी।

सीआईडी ??अधिकारियों ने एफएसएल टीम के साथ मिलकर पूरे इलाके की जांच की। सूत्रों ने बताया कि कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। जांचकताओं ने घटना में शामिल क्षतिग्रस्त वाहनों का भी निरीक्षण किया। इन वाहनों से फोरेंसिक नमूने एकत्र किए गए हैं।

मोकामा ताल में अपराध स्थल के निरीक्षण के दौरान, जांचकताओं ने रेलवे पटरियों पर आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले पत्थर बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि मोकामा ताल में ऐसे पत्थर प्राकृतिक रूप से नहीं पाए जाते हैं, जिससे संभावित साजिश का सवाल उठता है। नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

शुरूआती दावों के मुताबिक, दुलारचंद यादव की हत्या गोली लगने से होने की बात कही गई थी। उनके पैर में भी गोली लगी है, लेकिन यह उनकी मौत का कारण नहीं था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया है कि घातक चोट उनकी छाती पर किसी वाहन के चढ़ने से लगी थी, जिससे कई फ्रैक्चर हुए और फेफड़े फट गए। बाढ़ में एक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तीन डॉक्टरों के पैनल ने लगभग दो घंटे तक पोस्टमार्टम किया था।

## जमशेदपुर में क्रिटिकल मेटल्स कांग्रेस छह नवंबर से, नीति-निमार्ताओं और वैज्ञानिकों का होगा जुटान

**जमशेदपुर :** सीएसआइआर-नेशनल मेटलर्जिकल लेबोरेटरी (सीएसआइआर-एनएमएल) 6 से 8 नवंबर 2025 तक जमशेदपुर में क्रिटिकल मेटल्स कांग्रेस 2025 का आयोजन करेगी। यह सम्मेलन भारत सरकार के खनिज मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा भारी उद्योग मंत्रालय के सहयोग से आयोजित हो रहा है। देश में क्रिटिकल मेटल्स की बढ़ती आवश्यकता के बीच यह कार्यक्रम नीति-निमार्ताओं, वैज्ञानिकों, उद्योग जगत एवं शोध विशेषज्ञों को एक ही मंच पर जोड़ने वाला महत्वपूर्ण आयोजन माना जा रहा है। डायरेक्टर डॉ संदीप घोष चौधुरी ने कहा कि इस कार्यक्रम में कई केंद्रीय मंत्री भी हिस्सा लेंगे।

**पहली बार हो रहा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन :** यह पहली बार है जब सीएसआइआर-एनएमएल द्वारा क्रिटिकल मिनरल्स क्षेत्र पर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन इसलिए भी अहम है क्योंकि हाल ही में खनिज मंत्रालय, भारत सरकार ने सीएसआइआर-एनएमएल को नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन के अंतर्गत सेंटर फॉर एक्सीलेंस के रूप में मान्यता दी है।

## हमारी बंदूकें गरजने को तैयार, इस्लामिक आतंकवाद पर भड़के ट्रंप, नाइजीरिया को दे डाली बड़ी धमकी

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजीरिया को वॉर्निंग देते हुए कहा है कि अब अगर ज्यादा ईसाइयों का नरसंहार किया गया तो अमेरिकी फौज टूट पड़ेगी। शनिवार को ट्रंप ने कहा कि उन्होंने रक्षा विभाग से तेज सैन्य कार्रवाई के लिए तैयार रहने का निर्देश दे दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका तत्काल प्रभाव से नाइजीरिया को मिलने वाली सारी सहायता रोकी जाती है।



ट्रंप ने नाइजीरिया की सरकार से कहा है कि अगर वह ईसाइयों को बचाने में सक्षम नहीं है तो अमेरिका की बंदूकें गरजने के लिए तैयार हैं। अमेरिका इस्लामिक आतंकवाद को जड़ से खत्म करने को प्रतिबद्ध है। ट्रंप ने कहा, अगर हम हमला करेंगे, तो यह तेज, भयावह और करारा होगा, ठीक वैसे ही जैसे आतंकवादी हमारे प्यारे ईसाइयों पर हमला करते हैं! चेतावनीः नाइजीरियाई सरकार तत्काल कदम उठाए!

अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि वे कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर नाइजीरिया की सरकार हिम्मत नहीं कर पा रही तो फिर अमेरिका की सेना इस्लामिक आतंकवाद फैलाने वाले संगठनों को नेस्तनाबूत कर देगी। बतादें कि ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में नाइजीरिया को उन देशों की लिस्ट में शामिल कर दिया था जिनमें धर्म के आधार पर अत्याचार किया जाता है। इस लिस्ट में पाकिस्तान, रूस, चीन, म्यांमार और उत्तर कोरिया भी शामिल हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था, नाइजीरिया में हजारों ईसाई मारे गए हैं। यहां इस्लामिक कट्टरपपंथी ईसाइयों को टारगेट कर रहे हैं और राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबु हर बार यही कहते हैं कि वह धार्मिक स्वतंत्रता के रक्षक हैं। नाइजीरिया के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि वह आतंकवाद के खिलाफ जंग लड़ रहा है और उसे आशा है कि अमेरिका उसका सहयोगी बना रहेगा। बता दें कि नाइजीरिया में बोको हराम आतंकवादी संगठन का सबसे ज्यादा आतंक है।

## समाचार सार

### बदमाशों ने किराना दुकान में किया चोरी का प्रयास

**खूंटी :** जिले के कोलेबिरा राज्य राजमार्ग तीन पर स्थित रनिया थाना क्षेत्र के रायकेरा गाँव में शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात (1 नवंबर को लगभग 1 बजे) अज्ञात बदमाशों ने एक किराना दुकान पर हमला किया। उन्होंने दुकान के बाहर लगे दो सीसीटीवी कैमरों और सजावटी बल्बों को तोड़कर सड़क किनारे झाड़ी में फेंक दिया। मास्क पहने इन बदमाशों ने दुकान का ताला तोड़ने का असफल प्रयास किया और पास के एक घर से दो स्कूटर चोरी करने का भी प्रयास किया, लेकिन उन्हें छोड़कर भाग गए। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

### नींजरा गांव के ग्रामीण 10 दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर,सुध लेने वाला कोई नहीं:ग्रामीण



**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के करमा पंचायत अंतर्गत नींजरा गांव में 10 दिनों से ग्रामीण अँधेरे में रहने को विवश हैं लेकिन कोई भी सूद लेने के लिए तैयार नहीं है। वहीं बिजली विभाग भी खामोश है ।जिससे यहां के ग्रामीण उग्र है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार के पदाधिकारी और यहां के कर्मी सूद लेने वाले नहीं है। हम लोग 10 दिनों से त्योहार होते हुए भी अंधेरों में हैं फिर भी आज तक न ट्रांसफार्मर बनाया गया। ना हीं बिजली को सुधार किया गया। वही इससे गांव के बच्चे पिछले 10 दिनों से अंधेरे में पढ़ने पर मजबूर हैं ।जबकि यहां के बिजली के स्थानीय कर्मी भी वरीय अधिकारी से ट्रांसफार्मर खराब की शिकायत कर चुके हैं ।उसके बावजूद भी अभी तक ट्रांसफार्मर को ठीक नहीं किया गया है ।इसी बीच हंटरगंज प्रखंड के उप प्रमुख राहुल गुप्ता ने बिजली विभाग के कर्मी और पदाधिकारी को दूरभाष कर यह बताया है कि जल्द से जल्द बिजली को सुधार किया जाए अन्यथा बिजली विभाग के कर्मी एवं कर्मचारियों के विरोध में आंदोलन किया जाएगा ।क्योंकि नींजरा गांव 10 दिनों से अंधेरे में है यह गांव मुख्य सड़क पर पड़ता है। उसके बावजूद भी यहां के बिजली कर्मी एवं कर्मचारी सुध लेने को तैयार नहीं है यहाँ के ग्रामीण पर्व त्यौहार होते हुए भी अँधेरे में रहें हैं । उपप्रमुख ने विभाग और जिला प्रशासन से जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर को बदलकर या रिपेयर कर विद्युत सप्लाई चालू कराने की मांग की है।

### सिमरिया प्रखंड के दो बालिकाओं का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**चतरा :** रांची के मोरहाबादी में 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में सिमरिया प्रखंड के हूरनाली पंचायत अंतर्गत कान्हुखाप गांव की दो बच्चियों का राष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन हुआ है।

बताते चले कि उक्त दोनों बच्चियां पूर्व में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लेपो में पढ़ाई कर रही थी। एक वर्ष पूर्व इन दोनों बच्चियों का चयन विद्यालय के सारे शिक्षक के प्रयास से हजारीबाग आवासीय विद्यालय में नामांकित हुआ था। तत्पश्चात कड़ी मेहनत के बाद राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता गोला फेक में कांति कुमारी ने गोल्ड मेडल एवं सोनी कुमारी 400 एवं 600 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल लाकर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई ।लेपो विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक अबोध राम ने बताया कि इन दोनों बच्चियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना काफी खुशी की बात है और उम्मीद है कि दोनों अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मेडल प्राप्त करेगी ।हमारा प्रयास निरंतर यही रहेगा कि इस क्षेत्र की बिटिया इन दोनों बच्चों के तरह हीं राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़े ।इन दोनों बच्चियों को राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने पर लेपो विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र प्रसाद एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों ने ढेर सारी बधाई दी है।

### सदर अस्पताल चतरा में खुला डे केयर वार्ड अब कैंसर मरीजों का होगा यहीं उपचार




**चतरा :** सदर अस्पताल चतरा में अब केंसर के मरीजों का भी इलाज हो सकेगा। इसके लिए अस्पताल में डे केयर वार्ड खोला गया है। इस वार्ड के खुल जाने से अब कैंसर के मरीजों का डायलिसिस के साथ साथ अन्य कई सुविधाएं उन्हें मिल सकेगी। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ पंकज कुमार ने बताया कि एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के मरीजों को इलाज के साथ साथ 25 हजार रुपये नकद भी मिलेगा। बताते चलें कि सदर अस्पताल में डे केयर वार्ड के नहीं रहने से कैंसर के मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

योजनाओं की प्रगति पर डीसी ने की समीक्षा

# स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं की समयबद्ध पूर्ति पर जोर



**संवाददाता**

**खूंटीः** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी श्रीमती आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में पीएम-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्वीकृत 28 स्वास्थ्य उप-केंद्र योजनाओं की भौतिक प्रगति की समीक्षा की गई।

संबंधित विभागों द्वारा जानकारी दी गई कि 28 में से 14 योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं। 3 योजनाएं माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के कारण स्थगित हैं।

उपायुक्त ने शेष 2 योजनाओं को 15 नवंबर तक पूरा करने का स्पष्ट निर्देश दिया। शेष योजनाओं के लिए स्थल चयन और आवश्यक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। श्रीमती रॉनिटा ने जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य अवसंरचना से जुड़ी सभी परियोजनाएं जनहित से जुड़ी हैं, इसलिए गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री आलोक कुमार, सिविल सर्जन डॉ. नागेश्वर मांझी, जिला योजना पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार सहित एनआरईपी एवं अन्य संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।



### जरासंध महाराज की 5228वीं जयंती धूमधाम से मनाई

**खलारी :** खलारी कोयलांचल चंद्रवंशी समाज के द्वारा शनिवार को चक्रवर्ती मगध सम्राट जरासंध महाराज की 5228वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता युगेश्वर राम चंद्रवंशी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित समाज के लोगों ने सम्राट जरासंध महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, पुष्प अर्पित कर और माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने ह्लजय जरासंध महाराजह्व का जयकारा लगाया। मौके पर वक्ताओं ने बताया कि हिंदी और हिन्दू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि, जिसे देवउठनी के नाम से जाना जाता है, उसी दिन महाराज जरासंध की जयंती मनाई जाती है। वक्ताओं ने कहा कि महाभारत कालीन मगध साम्राज्य के चंद्रवंशी नरेश राजा बृहद्रत के वंश में जन्मे महाराज जरासंध अखंड भारत के चक्रवर्ती सम्राट थे, जिन्होंने एक छत्र शासन की स्थापना की थी। इस अवसर पर खलारी कोयलांचल में चंद्रवंशी समाज को और अधिक संगठित करने पर बल दिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि चंद्रवंशी समाज की अगली बैठक 9 नवंबर (रविवार) को गुलजारबाग में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युगेश्वर राम चंद्रवंशी, राजेश वर्मा, दीपक प्रसाद, मनोज प्रसाद, संजय वर्मा, राजनाथ चंद्रवंशी, पवन चंद्रवंशी, शिवदास राम चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, विंध्याचल राम, मुनेश्वर वर्मा, अजय सिंह, प्रकाश प्रसाद, शंकर दास चंद्रवंशी, कमलेश वर्मा, पंकज सिंह चंद्रवंशी, राहुल वर्मा आदि उपस्थित थे।

हंटरगंज में चक्रवाती तूफान मोंथा और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# किसानों की धान और सब्जी की फसल का हुआ नुकसान

सरकार और जिला प्रशासन से तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा की मांग



**संवाददाता**

**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखंड में चक्रवाती तूफान मोंथा और लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। 28 अक्टूबर से शुरू हुई तेज हवाओं और रिमझिम फुहारों के कारण किसानों की धान, तिलहनी और सब्जी की फसलें बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई हैं। इसका असर स्थानीय बाजारों पर भी साफ दिख रहा है ।किसानों के खेतों में लगी धान की फसलें, जिनमें बालियां आ चुकी थीं, तेज हवा और बारिश के कारण गिर गई हैं। खेतों में पानी जमा होने से इन बालियों के सड़ने का खतरा बढ़ गया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है ।इसके अतिरिक्त, हाल ही में बोई गई आलू और सरसों की फसलों को भी भारी क्षति पहुंची है। आलू के जड़ों में पानी भर गया है, जिससे उनके सड़ने की आशंका है। वहीं, सरसों के पौधे भी गल सकते हैं, जिससे बुवाई का प्रयास व्यर्थ हो सकता है ।क्षेत्र के किसानों ने अपनी चिंता व्यक्त की है ।चक्रवाती तूफान और बारिश का असर बाजारों पर भी पड़ा है। पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण सड़कों पर राहगीरों और ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है, जिससे बाजार सुनसान दिख रहे हैं। दुकानदारों की रोजी-रोटी पर भी इसका सीधा असर पड़ा है, जिससे उनकी आय प्रभावित हुई है ।लगातार बारिश से जिन फसलों में दाने पड़ चुके थे और जो पकने की कगार पर थीं, दोनों को क्षति पहुंची है। धान की फसलें पककर खेतों में तैयार थीं, और कुछ किसानों ने कटाई भी कर ली थी ।जिन किसानों की फसलें कट चुकी थीं, उनमें से अधिकांश ने अभी तक मड़ाई नहीं की थी। खेत या खलिहान में भीगने के कारण कटी हुई फसलें अब अंकुरित हो रही हैं और पानी में डूबी फसलें सड़ने लगी हैं। प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत अंतर्गत भोजपुर गांव के किसान सतेंद्र यादव ने बताया कि उन्होंने तीन बीघे धान की कटाई कर ली थी, लेकिन अब पूरी फसल खराब हो गई है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक तो खेती कर्ज लेकर किए हैं अब कर्ज चुकाने की चिंता सता रही है ।इसी तरह, नावाडीह गांव के मुखिया बसन्ती पन्ना ने बताया कि धान पकने को तैयार पूरी फसल बारिश और तूफान के कारण जमीन पर गिर गई है, जिससे अच्छे उत्पादन की उम्मीद खत्म हो गई है। वहीं कुछ खेत से फसल की कटाई कर खलिहान में रखे थे अब वह अंकुरित हो चुकी है। भोजपुर गांव के मालों देवी ने जानकारी दी कि पकी हुई फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है और लगातार बारिश के कारण चना, सरसों और गेहूं की बुवाई भी समय पर नहीं हो पाएगी वही सब्जी के लिए लगाए गए आलू भी जमीन में ही सड़ चुका है ।प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह और भोजपुर गांव निवासी जिला परिषद प्रतिनिधि बेचन पासवान, मुखिया बसंती पन्ना, मालों देवी, सतेंद्र यादव सहित अन्य किसानों ने झारखंड सरकार और जिला प्रशासन के अधिकारियों से फसल नुकसान का अतिशीघ्र सर्वे कराने की मांग की है, ताकि किसानों को सरकार द्वारा राहत राशि मिल सके।

### आठ-दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का सफल आयोजन, दो नाटकों का हुआ मंचन



**खूंटी :** 1 नवंबर झारखंड के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा विभाग के सौजन्य से अल्मा मेटर संस्था द्वारा आयोजित एक आठ-दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का आज समापन हो गया। यह कार्यक्रम 25 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2025 तक चला।

कार्यशाला के पहले सात दिनों में 25 कलाकार-प्रतिभागियों को अभिनय और संगीत का गहन प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का परिणाम आठवें और अंतिम दिन देखने को मिला, जब प्रतिभागियों ने दो मार्मिक नाटकों झ्र 'बेटी छुआ ' और 'सड़क की पाठशाला' का सफल मंचन किया।

इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं पूर्व मान्य मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा जी के प्रतिनिधि, मनोज कुमार जी थे। इस अवसर पर अल्मा मेटर संस्था के अध्यक्ष चैतन्य कुमार गंझु और सचिव भूपेंद्र कंसारी भी मंच पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में, मुख्य अतिथि मनोज कुमार जी ने सभी 25 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका सम्मान किया। इसके बाद, एक फीडबैक सत्र का आयोजन किया गया, जहाँ सभी कलाकारों ने आठ दिनों की इस कार्यशाला के अपने अनुभव साझा किए।

इस कार्यक्रम की सफलता में चार प्रशिक्षकों के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। अभिनय का प्रशिक्षण हरी लाल महतो एवं राजेंद्र महतो द्वारा दिया गया, जबकि नाटकों का निर्देशन भूपेंद्र कंसारी ने किया। सभी प्रतिभागियों ने संगीत की शिक्षा उमेश जी से प्राप्त की।

अल्मा मेटर संस्था के अध्यक्ष चैतन्य कुमार गंझु ने इस कार्यशाला की सफलता पर प्रसन्नता जताई और भविष्य में इसी तरह के सांस्कृतिक आयोजन जारी रखने का संकल्प दोहराया।

अल्मा मेटर एक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्था है, जो स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने तथा रंगमंच एवं अन्य ललित कलाओं को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

# व्यावसायिक विवाद में गोलीबारी, कर्रा पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता**

**कर्राः** थाना क्षेत्र के एक गाँव में हुई गोलीबारी की एक गंभीर घटना में कर्रा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने मामले में इस्तेमाल वाहन और जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं।

दिनांक 13 अक्टूबर, 2025 को कर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छाता के अखाड़ा मैदान के पास कुछ अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति पर गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस घटना के संबंध में कर्रा थाना में कांड संख्या 81/25, दिनांक 13.10.2025 को धारा 109/3(5) भारतीय न्याय संहिता (इ ठ र), 2023 एवं 27 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

इस कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, खूँटी ने मामले की छानबीन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), तोरपा खिस्तोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया। इस



टीम में तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी कर्रा सहायक उपनिरीक्षक मनीष कुमार, अनुसंधानकर्ता सहायक उपनिरीक्षक निशा कुमार एवं सहायक उपनिरीक्षक जुगेश कुमार सहित कर्रा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

जांच टीम द्वारा की गई छापामार कार्रवाई और सूचनाओं के आधार पर घटना में संलिप्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम इस प्रकार हैंः

शाहिद मियां (उम्र लगभग 42 वर्ष), पिता- जहुर मियां, सादिकपुर बड़ाईकटोली, थाना- कर्रा, जिला- खूँटी।

मोहम्मद मोदासिर अहमद उर्फ मोहम्मद राजा खान (उम्र लगभग 32 वर्ष), पिता- मोहम्मद अबुल हसन खान, स्थायी पता- हैदर कम्प्लेक्स, मेन रोड खूँटी, वर्तमान पता- मेलाटांड, थाना- कर्रा, जिला- खूँटी।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उन्होंने बताया कि इस मामले के पीड़ित रशीद मियां और उनके बीच बाजार में 'मनीहारी' (गहने) की दुकान को लेकर आपसी व्यावसायिक विवाद और प्रतिस्पर्धा चल रही थी, जिसके चलते उन्होंने यह हमला किया।

गिरफ्तार आरोपियों के निर्देशन (निशानदेही) पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी (पंजीकरण संख्या (खल्23अ2056) और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। यह सबूत मामले को और मजबूत करते हैं।

गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की और गहन जांच में जुटी है तथा संबंधित धाराओं में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



## इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक बिनोद कुमार झारखंड दौरे पर

**रांची:** झारखंडह्व में श्री बिनोद कुमार, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इंडियन बैंक का प्रथम बार आगमन हो रहा है। श्री बिनोद कुमार 03 नवंबर 2025 से 05 नवम्बर तक झारखंड के दौरे पर रहेंगे। उन्होंने 16 जनवरी 2025 को इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। श्री कुमार रांची विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक हैं और उन्होंने एनआईबीएम से बैंकिंग और वित्त में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। वे प्रमाणित वित्तीय जोखिम प्रबंधक (एफआरएम) और भारतीय बैंकर्स संस्थान (सीएआईआईबी) के प्रमाणित एसोसिएट हैं।

1994 में अपने बैंकिंग करियर की शुरूआत करने वाले श्री कुमार के पास 30 से अधिक वर्षों का व्यापक और वैविध्यपूर्ण बैंकिंग अनुभव है। शाखा और प्रशासनिक कार्यालय परिचालन, जोखिम प्रबंधन और कॉर्पोरेट क्रेडिट आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता है। इससे पहले कार्यपालक निदेशक के रूप में उन्होंने कॉर्पोरेट बैंकिंग, ट्रेजरी डिवीजन, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग डिवीजन, वित्त डिवीजन, डेटा एनालिटिक्स और डेटा वेयरहाउसिंग का उत्तरदायित्व निभा रहे थे। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भारतीय प्रबंध संस्थान, बैंगलोर से नेतृत्व कौशल विकास कार्यक्रम भी पूर्ण किया है।

झारखंड के औद्योगिक विकास हेतु इंडियन बैंक प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में श्री बिनोद कुमार, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने वित्तीय परिदृश्य विकसित करने हेतु चार प्रमुख स्तंभों पर विशेष जोर दिया है- 1. सतत व्यावसायिक विकास, 2. ग्राहक सेवा उत्कृष्टता, 3. डिजिटल ऑनबोर्डिंग और 4. अनुपालन, जो बैंक की सफलता को परिभाषित करेगा। अपने 03 दिवसीय झारखंड दौरे के दौरान वे झारखंड के माननीय मुख्य मंत्री श्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड के मुख्य सचिव से शिष्टाचार भेट करेंगे। इसके अलावा उनके दौरे में इंडसेटी हजारीबाग का दौरा, फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों एवं एच.एन.आई ग्राहकों के साथ बैठक एवं स्वयं सहायता समूह सदस्यों के साथ कार्यक्रम प्रमुख है।

## अविवाहित कन्याएं भी करती हैं तुलसी विवाह एवं देवउठनी एकादशी व्रत : रूबी सिंह



**रांची:** रातु थानांतर्गत रिंग रोड, सिमलिया स्थित अपने आवास पर भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह की पत्नी समाजसेवी रूबी सिंह देवउठनी एकादशी एवं तुलसी विवाह का व्रत बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर अपने घर के छत पर तुलसी पूजन बड़े हीं हर्ष के साथ माता तुलसी का शालिग्राम रूपी भगवान विष्णु से विवाह करवाया। इस पावन अवसर पर पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ एकादशी व्रत रखा। दिन भर व्रत उपवास कर संध्या रात्रि के समय पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना श्रृंगार के साथ भोग अर्पित कर किया। पूजन के पश्चात भगवान विष्णु तथा माता तुलसी की आरती कर तुलसी विवाह संपन्न कर समापन किया। इस अवसर पर समाजसेवी रूबी सिंह ने कहा कि देवउठनी एकादशी को भगवान विष्णु चातुर्मास की योग निद्रा से उठते हैं। इसलिए पूरे विश्व में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहता है। इसलिए माता तुलसी और शालिग्राम भगवान का विवाह हवन पूजन का विधान है। जिसे करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। कहा कि माना जाता है कि माता तुलसी मां लक्ष्मी का अवतार हैं, जो अपने पूर्व जन्म में वृंदा नाम की एक स्त्री थी जिसका विवाह जालंधर नाम के असुर से हुआ था। जिसका वध भगवान विष्णु ने छल से किया था। बदले में वृंदा ने उन्हें शालिग्राम पत्थर बन जाने का श्राप दिया था। तब भगवान विष्णु ने वरदान स्वरुप अगले जन्म में उनसे विवाह करने का वचन दिया। इसी दिन से शुभ कार्यों, विवाह समारोहों और धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ माना जाता है। कहा तुलसी विवाह व्रत वैवाहिक जीवन में सुखझ्र शांति, समृद्धि और मंगल का प्रतीक है। तुलसी विवाह को भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का मिलन व विष्णु प्रिया भी कहा गया है। रूबी सिंह ने कहा कि तुलसी विवाह व्रत सिर्फ विवाहित महिलाएं हीं नहीं, बल्कि अविवाहित कन्याएं भी करती हैं, ताकि उन्हें मनचाहा पति प्राप्त हो सके।

# राजभवन में अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्थापना दिवस समारोह मना



संवाददाता

**रांची:** राजभवन में शनिवार को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, दिल्ली, लक्षद्वीप और पुडुचेरी राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया. इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने संबंधित राज्य और केंद्र शासित प्रदेश को लोगों से मुलाकात कर हार्दिक शुभकामनाएं दी.

राज्यपाल ने विभिन्न राज्यों की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश दक्षिण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है. छत्तीसगढ़ अपनी प्राकृतिक सुंदरता और प्रचुर संसाधनों के लिए प्रसिद्ध है. हरियाणा ने कृषि और खेलों में देश का गौरव बढ़ाया है. कर्नाटक नवाचार और तकनीकी प्रगति का केंद्र बनकर उभरा है. केरल, जिसे ह्यभगवान का अपना देशह्न कहा जाता है, अपनी उच्च साक्षरता और प्रगतिशील समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है. मध्य प्रदेश अपनी प्राचीन सभ्यता और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है. पंजाब साहस, वीरता और कृषि समृद्धि की भूमि है, जबकि तमिलनाडु शास्त्रीय कला, साहित्य और द्रविड़ संस्कृति की धरोहर है.

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि भारत विविधता में एकता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता है. हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपनी विशिष्ट पहचान, गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक योगदान से राष्ट्र को सशक्त और समृद्ध बनाते हैं. उन्होंने कहा कि ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्न कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायी पहल है, जो राज्यों के बीच आपसी समझ, सम्मान और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सुदृढ़ करने का माध्यम है.

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि 31 अक्टूबर को लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की स्थापना हुई थी. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा अनुच्छेद 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय इन दोनों केंद्र शासित प्रदेशों के नागरिकों को समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित कराने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध हुआ है. उन्होंने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान ने भारत को वैश्विक स्तर पर मानवीय संवेदनाओं और त्वरित कार्रवाई में अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है.

## झारखंड में उर्दू की उपेक्षा — पहचान पर संकट



झारखण्ड राज्य के गठन को अब बाईस वर्ष बीत चुके हैं। यह राज्य सामाजिक, भाषाई और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक है, लेकिन दुखद सच्चाई यह है कि इस विविधता की एक अहम पहचान – उर्दू भाषा – लगातार सरकारी उपेक्षा का शिकार बनी हुई है। राज्य सरकार ने वर्षों पहले उर्दू को दूसरी राजभाषा का दर्जा देकर एक ऐतिहासिक निर्णय अवश्य लिया था, किंतु व्यवहार में यह दर्जा केवल कागजों तक सीमित रह गया है शासन-प्रशासन में उर्दू का उपयोग न के बराबर है, और इससे जुड़ी संस्थाएँ जैसे उर्दू अकादमी अब तक अस्तित्व में नहीं आ सकीं। यह स्थिति न केवल निराशाजनक है, बल्कि झारखण्ड की सामाजिक न्याय और भाषाई समानता की भावना पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है।

वर्तमान में गठबंधन की सरकार है और उसमें दो मंत्री अल्पसंख्यक समुदाय से हैं, फिर भी उर्दू के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। अनुवादकों की बहाली रुकी हुई है, उर्दू शिक्षकों की नियुक्तियाँ अधर में हैं, और अब आलिमझ्रफाज़िल डिग्री की मान्यता पर भी संकट गहराने लगा है। उर्दू केवल एक भाषा नहीं, बल्कि यह इस क्षेत्र की तहजीब, अदब और साझा संस्कृति की पहचान है। इसे कमजोर करना दरअसल हमारी मिली-जुली विरासत को कमजोर करना है। सरकार यदि सचमुच समानता, बहुलता और सांस्कृतिक न्याय की बात करती है, तो उसे उर्दू के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। राज्य में उर्दू अकादमी का गठन, सरकारी आदेशों में उर्दू का प्रयोग, अनुवादकों की बहाली और उर्दू शिक्षा की मजबूती – ये कुछ बुनियादी कदम हैं जो अब और टाले नहीं जा सकते। झारखण्ड की जनता को भी यह समझना होगा कि भाषाई विविधता किसी समुदाय की नहीं, बल्कि पूरे राज्य की ताकत होती है। अगर उर्दू कमजोर होगी, तो झारखण्ड की पहचान भी अधूरी रह जाएगी। उर्दू को उसका हक दीजिए – क्योंकि यह सिर्फ. जुबान नहीं, यह हमारी तहजीब की आवाज है।

## जरूरी है रक्तदान के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान की : तुषार कांति शीट

मेट्रो रेज

**रांची :** जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता व वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन (वीबीडीए) के सचिव तुषार कांति शीट ने कहा है कि रक्तदान के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। वहीं, ब्लड बैंकों के संचालन में पारदर्शिता और नियमित निगरानी किया जाना भी जरूरी है, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध हो सके। इसके लिए अधिक से अधिक रक्तदान शिविर लगाने और गैर सरकारी संगठनों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। श्री शीट ने कहा कि हाल ही में चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने के मामले को लेकर झारखंड सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है। इससे



झारखंड में ब्लड रिप्लेसमेंट की प्रथा पर रोक लगेगी। खून की आपूर्ति केवल स्वैच्छिक रक्तदान से होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वैच्छिक रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। रक्तदान शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक मात्रा में रक्त संग्रहित हो सके, इस दिशा में प्रयास जरूरी है। इसके लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाना अत्यंत आवश्यक है। इससे ब्लड कंपोनेंट थेरेपी को भी बढ़ावा मिलेगा। रक्त की उपयोगिता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी जिलों में ब्लड सेपरेशन संयंत्र लगाने का राज्य सरकार का निर्देश भी सराहनीय है। सरकारी स्तर पर यह मॉनिटरिंग करना भी आवश्यक है कि ब्लड बैंकों में रक्त की कमी न हो और मरीज को ससमय आवश्यकतानुसार रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने गैर-सरकारी स्वयंसेवी संगठनों से इस दिशा में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने और रक्तदान शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक रक्त संग्रहित करने की अपील की।

## तालाब में नहाने के दौरान युवक डूबा



रांची। सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित मधुकम तालाब में नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से पूरे इलाके में सनसनी मच गई. वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लापता व्यक्ति की तलाश में जुट गई है. फिलहाल, लापता की व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है.

8 वी झारखंड राज्य सब जूनियर सेपक टकरा चैंपियनशिप कल

विभिन्न जिलों के बालक बालिका खिलाडी लेंगे हिस्सा.

रांचीः 8वी झारखण्ड राज्य सेपक टकरा प्रतियोगिता का आयोजन रांची में किया जा रहा हैं. यह आयोजन सेपक टकरा ग्राउंड कचहरी चौक में किया जायेगा. इसकी जानकारी देते हुये सेपक टकरा एसोसिएशन के चेयरमैन श्री सुनील सूर्यात ने बताया की इस प्रतियोगिता की तैयारी पूरी कर ली गयी हैं और इससे चयनित खिलाडी रांची में आयोजित किये जा रहें 28 वी नेशनल सब जूनियर सेपक टकरा प्रतियोगिता में भाग लेंगे.

## महिलाओं को नेतृत्व के केंद्र में लाना ही होगा : दीपिका पांडे सिंह

**रांची :** झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्रीमती दीपिका पांडे सिंह शनिवार को पटना में फ्रेडरिक इबर्ट स्टिफटंग (एफईएस) द्वारा आयोजित ह्यक्रिएटिंग वीमेंस मैनिफेस्टो इन बिहारह्न कार्यक्रम में शामिल हुईं। वहां उन्होंने महिला आरक्षण, राजनीतिक भागीदारी और नेतृत्व में महिलाओं की निर्णायक भूमिका पर प्रभावशाली विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, अगर लोकतंत्र को सच में संवेदनशील और जवाबदेह बनाना है, तो महिलाओं को हाशिए पर नहीं, नेतृत्व के केंद्र में लाना ही होगा। उनकी सहभागिता देश की दिशा तय करती है। उन्होंने राजनीतिक दलों से दो-टूक आग्रह किया कि मेनिफेस्टो और संगठनात्मक ढांचे में महिलाओं को सिर्फ स्थान नहीं, बल्कि निर्णय-निर्माण की शक्ति दी जाए।

दीपिका पांडे सिंह ने स्पष्ट कहा कि महिला आरक्षण को केवल स्थानीय निकायों तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। असली बदलाव तभी दिखेगा जब विधानसभा और संसद में भी महिलाओं को समान अवसर और प्रभावी प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने जोर दिया कि महिलाओं का सशक्त राजनीतिक उदय सिर्फ एक अपेक्षा नहीं, बल्कि एक आवश्यक लोकतांत्रिक सुधार है, जो समाज और राजनीति दोनों को मजबूत बनाएगा।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय,नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)
ई–मेल–nagarpanchayatbundu@gmail.com
पता- ब्लॉक कैम्पस, ब्लॉक रोड, बुण्डू

पत्रांक–
दिनांक–

आम सूचना

नगर पंचायत, बुण्डू के वार्ड 08 में नवनिर्मित वेंडर मार्केट के कुल 26 शटर वाले दुकानों मे से Block E के दुकान संख्या E1, E2, E3, E5, E6 , E7 दुकानों का आवंटन खुली डाक के माध्यम से किया जा रहा है। जिसकी न्यूनतम डाक की बोली 27 रु० Sq / Ft है एवं दुकान का आकार 8x10=80Sq / Ft है। इच्छुक व्यक्ति 100/-रु० का भुगतान कर कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू से फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। आवंटन हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता है:–

- पहचान पत्र (Voter ID, आधारकार्ड आदि)
- चरित्र प्रमाण–पत्र
- अद्यतन होल्डिंग रसीद (वित्तिय वर्ष 2025–26)
- आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो
- EMD (Earnest Money Deposit) के तौर पर 01 माह का किराया जो कुल 2160 रु० मात्र है उसे Bank Demand Draft के रूप में Executive Officer, Nagar Panchayat, Bundu के नाम पर देय होगा। असफल डाक्वत्ता को उक्त राशि वापस कर दी जाएगी।

फॉर्म भरने की अंतिम तिथि–06-11-2025

प्रशासक
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 365070 Urban Development (25-26)_D

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
SPECIAL WORKS DIVISION
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, RANCHI.

VERY VERY SHORT TERM NOTICE INVITATION QUOTATION
Quotation Reference No:BCD/Special Work Division BCD, Ranchi/NIQ-32/2025-26

E-quotations are invited for the work of Construction of Residential Complex for Honourable MLAs in Core Capital Area at Site-1, HEC Area, Ranchi for supply fitting and fixing for all Materials from Reputed Shop Keepers, Manufacturers, Suppliers, Tree Plant Supplier, Retailers, Distributors, Furniture Suppliers, Registered B.C.D. Contractors and other for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items. Then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Term and Condition

1. The quotationer shall furnish pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट:–

1. वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि 03.11.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि 10.11.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलन की तिथि एवं समय 11.11.2025 अपराह्न 3:30 बजे।
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता कार्यपालक अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
5. ई–कोटेशन प्रकोष्ठा का दूरभाष सं0–7903899611

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer
Special Works Division, BCD, Ranchi

PR 365062 Building(25-26).D

# भ्रष्टाचार निवारण के लिए आवश्यक है प्रभावी अभियोजन तंत्र : अनिल पाल्टा

संवाददाता

**रांची :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), रांची ने शनिवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन सत्र आयोजित किया। इस समारोह में झारखंड के पुलिस महानिदेशक (रेलवे), अनिल पाल्टा, आईपीएस मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरूआत दिन में 11:00 बजे महाप्रबंधक (सतर्कता) और एसीवीओ के स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट किया गया।

अपने संबोधन में अनिल पाल्टा ने ह्यएक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारतह्न पर एक




ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। उन्होंने वैश्विक भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत की स्थिति, भ्रष्ट आचरण से होने वाले आर्थिक नुकसान और केंद्रीय सतर्कता आयोग, सीबीआई, लोकपाल और राज्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जैसी भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और पीएमएलए के तहत कानूनी और प्रशासनिक ढांचे पर विस्तार से चर्चा की और समय पर विभागीय कार्रवाई और प्रभावी अभियोजन तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया।

पाल्टा ने भ्रष्टाचार के सामान्य रूपों, विशेष रूप से खरीद और निविदा प्रक्रियाओं में, जैसे तकनीकी विशिष्टताओं में हेरफेर, मिलीभगत वाली बोली और वित्तीय नियमों का पालन न करना, का भी विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने प्रक्रियात्मक संहिताकरण, सतर्कता जागरूकता और अधिक जवाबदेही के महत्व पर बल दिया। भ्रष्टाचार को कम करने के लिए, उन्होंने नागरिक-अधिकारी संपर्क को न्यूनतम करने, ई-गवर्नेंस, ई-टेंडरिंग को बढ़ावा देने और निर्णय लेने में पारदर्शिता की वकालत की। सत्र का समापन सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के विषय ह्यसतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारीह्न के प्रति सेल की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि और संगठनात्मक कार्यप्रणाली के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक आचरण को बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर रांची स्थित इकाइयों, एसएसओ, आरडीसीआईएस, सीईटी, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और एमटीआई के कार्यकारी निदेशक, सेल रांची के सभी मुख्य महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी और सतर्कता विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार जगत में बनाएं कॅरियर

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अधिकारी का काम व्यापार का विकास और दो देशों के बीच गुड्स एंड सर्विसेज के लेन-देन और गठजोड़ को बढ़ावा देना होता है। जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहें है उस पर ग्लोबलाइजेशन का क्या प्रभाव पड़ रहा है यह भी देखना अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अधिकारी अपने क्लाइंट्स को विदेशी व्यापारों की स्टेटिस्टिक्स, भविष्य के अनुमानों और व्यापार में निवेश के विषय में जानकारी प्रदान करता है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आज के ग्लोबलाइजेशन की दुनिया में सबसे प्रमुख उद्योगों में से एक बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं या क्षेत्रों के आर-पार पूंजी, माल और सेवाओं का आदान-प्रदान करना होता है। यह करियर अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग के अंतर्गत आता है और जिस भी कैंडिडेट को बैंकिंग फील्ड में रूचि है वह इस क्षेत्र में एक अच्छा करियर बना सकते हैं।

**नेचर ऑफ़वर्क** - अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अधिकारी का काम व्यापार का विकास और दो देशों के बीच गुड्स एंड सर्विसेज के लेन-देन और गठजोड़ को बढ़ावा देना होता है। जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहें है उस पर ग्लोबलाइजेशन का क्या प्रभाव पड़ रहा है यह भी देखना अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। एक व्यापार अधिकारी अपने नीचे काम रहे लोग जो व्यापार प्रक्रिया का निरिक्षण, जांच और लेखापरीक्षा करते हैं उनकी भी देख-रेख करता है और साथ ही असिस्टेंट ट्रेड कमिश्नर्स और बंदरगाह के डायरेक्टर्स के साथ काम करता है।

**पाठ्यक्रम के बारे में** - ग्लोबल पीजी डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस एक वर्ष का कोर्स है। इसके तहत बैंकिंग ऑपरेशंस, धन प्रबंधन, ट्रेड फाइनेंस, फोरेक्स, फाइनेंस एसएमई जैसे विषय पढ़ाया व सिखाया जाता है। इस कोर्स में स्टूडेंट्स कंप्यूटर की बेसिक जानकारी के साथ, व्यापार संचार और शेयर बाज़ार में किस तरह काम होता है उसका प्रशिक्षण दिया जाता है।

**योग्यता** - स्नातक और किसी भी स्ट्रीम से अंतिम वर्ष के छात्र बैंकिंग और फाइनेंस के कोर्स में आवेदन कर सकते हैं और इंटरनेशनल ट्रेड ऑफिसर बनने की राह में अपना पहला कदम रख सकते हैं। जिन विद्यार्थी के स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत है वह भीं इस कोर्स में आसानी से आवेदन कर सकते हैं।

**अवसर** - इस कोर्स के पूरा होने के बाद कैंडिडेट बड़ी कंपनियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, आयात और निर्यात के विभागों में एक ऑफिसर के पद के लिए आवेदन कर सकता है। कैंडिडेट विदेशी मंत्रालय में भी नौकरी के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। विदेशी भाषाआँ का ज्ञान होना जरुरी नही होता पर फिर भी अगर आपको आती है है तो ये आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

**आमदनी** - अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में रूचि रखने वाले लोग इसमें अपना अच्छा भविष्य बना सकते हैं। एक इंटरनेशनल ट्रेड ऑफिसर की न्यूमतम सैलरी 40 से 50 हजार होती है और तजुर्बे के साथ साथ जिसमे इजाफा होता रहता है।



# देश-विदेश में आउटसोर्सिंग के लिए बढ़ रही है टेक्सटाइल डिजाइनरों की मांग

**काम की दृष्टि से देखें तो टेक्सटाइल उद्योग 1980 से अब तक एक लंबा सफर तय कर चुका है। तब आप या तो एक छोटे से डिजाइन स्टुडियो के लिए काम कर सकते हैं, जो उसे टेक्सटाइल मिलों को ही भेजता था या आप मिल में ही काम पा सकते हैं। चुनौती, डिजाइन की पेपर ड्राइंग तैयार करने तक ही सीमित हैं, आप नहीं जानते कि आपकी रचना किस रूप में सामने आएगी। बुनाई, रंगाई, प्रिंटिंग और कढाई जैसे कौशल से फैब्रिक को कई रूपों में गढ़ा जा सकता है। यही विविधता टेक्सटाइल डिजाइनरों को रोमांचित करती है।**

## कहां हैं केन्द्र

कॉरपोरेट ऑफिस और डिजाइनर स्टूडियो शहरों में स्थित हैं, लेकिन असल गतिविधियां तो करूर, पानीपत, कुन्नूर जैसे कस्बों में स्थित फैक्टरियों, हथकरघे और हस्तशिल्प केन्द्रों में हो रही हैं जहां परंपरागत शिल्प के अनुसार काम किया जाता है। होम फर्नीशिंग का कलेक्शन तैयार किया जाता है, वह विदेशों में लगातार बिकता है।

## बनाएं करियर

एक टेक्सटाइल डिजाइन प्रोग्राम आपको डिजाइन के तकनीकी और रचनात्मक पहलुओं में प्रशिक्षित करेगा। एक प्रतिष्ठित संस्थान से टेक्सटाइल डिजाइन प्रोग्राम पास करने वाले उम्मीदवार को पहली ही नौकरी में 20,000 से 30,000 रूपए मासिक वेतन मिल सकता है। तो पोलिटेक्निक से कोर्स करने वाला छात्र एक्सपर्ट हाउस जैसे संस्थानों में 8,000 रुपए से शुरूआत कर सकते हैं। काम की दृष्टि से देखें तो टेक्सटाइल उद्योग 1980 से अब तक एक लंबा सफर तय कर चुका है। तब आप या तो एक छोटे से डिजाइन स्टुडियो के लिए काम कर सकते हैं, जो उसे टेक्सटाइल मिलों को ही भेजता था या आप मिल में ही काम पा सकते हैं। चुनौती, डिजाइन की पेपर ड्राइंग तैयार करने तक ही सीमित हैं, आप नहीं जानते कि आपकी रचना किस रूप में सामने आएगी।

## फुलटाइम जॉब

टेक्सटाइल डिजाइन ग्रेजुएट्स, एक्सपोर्ट हाउस, बाइंग (खरीदार) हाउस, टेक्सटाइल मिल, हैंडलूम मिल में फुलटाइम नौकरी कर सकते हैं या फिर फैशन डिजाइनरों, डिजाइन स्टुडियो या बाइंग एजेंसी के लिए काम कर सकते हैं। हमें स्थानीय बाजार से फैब्रिक खरीदना पड़ता था, उसके अनुसार डिजाइन तैयार करने पडते हैं, कढाई करवानी पड़ती और कलेक्शन से मैच करते पैटर्न प्रिंट करने पडते, उसके बाद ही अच्छा उत्पाद तैयार हो पाता है।

कई एक्सपोर्ट हाउस अपने डिजाइनरों को भारत और विदेशों में डिजाइन ईवेंट्स और प्रदर्शनियों में जाने का भी अवसर देते हैं। घरेलू बाजार में टेक्सटाइल डिजाइनरों की मांग है ही, विदेशों में आउटसोर्सिंग के लिए डिजाइनरों की मांग बढ़ रही है।

## कारीगरों से संपर्क भी जरूरी

कारीगरों के साथ काम टेक्सटाइल डिजाइनरों के काम का एक अन्य पहलू है। कलाकारों से संपर्क बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है इससे समस्या सुलझने वाले अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्हें बाजार संबंधी जानकारी देना आपका भी काम है। यदि आप चुनौतियां स्वीकार नहीं करते तो डिजाइन प्रोफेशन आपके लिए है ही नहीं।

## कहां से करें कोर्स

टेक्सटाइल डिजाइन कोर्स कक्षा 12 के बाद डिजाइन संस्थानों द्वारा करवाया जाने वाला चार वर्षीय अंडरग्रेजुएट कोर्स है। चयन प्रेक्टिकल स्टुडियो टेस्ट और इंटरव्यू के जरिए होता है, डिजाइन कैरियर में आपका एप्टीट्यूड, रूचि और मोटीवेशन का स्तर आंका जाता है। फैब्रिक, शिल्प या संबंधित पहलुओं का अनुभव जरूरी है। रचनात्मकता दर्शाने के लिए आपको पोर्टफोलियो भी तैयार करना पड़ सकता है। कोर्स में पहले साल बुनियादी डिजाइन कोर्स कराया जाता है, इसके अलावा छात्र स्पेशलाइजेशन के क्षेत्रों से परिचित होते हैं। पाठ्यक्रम प्रोजेक्ट्स से जुडा होता है और टेक्सटाइल के सारे पहलू इसमें शामिल होते हैं, मसलन, वीविंग (बुनाई), प्रिंटिंग, रंगाई और विभिन्न उपयोगों के लिए फैब्रिक तैयार करना। स्टुडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम भी समृद्ध अनुभव करवाने वाले होते हैं।

## पीजी के लिए योग्यता

आपने किसी संबंधित स्ट्रीम से ग्रेजुएशन किया है, तो टेक्सटाइल का ज्ञान अर्जित करने के लिए पीजी कर सकते हैं। एनआईडी में पीजी प्रोग्राम के लिए योग्यताएं हैं-बीएफए, डिजाइन डिग्री इन टेक्सटाइल, निटवियर या फैशन, टेक्सटाइल्स के साथ होम साइंस, इंटीरियर डिजाइन एंड आर्किटेक्चर, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में स्पेशलाइजेशन वाली इंजीनियरिंग डिग्री कर चुके भी पीजी प्रोग्राम कर सकते हैं। अन्य विषय में ग्रेजुएट्स को टेक्सटाइल्स उद्योग में एक साल का अनुभव है तो यह पीजी प्रोग्राम कर सकते हैं।

## और भी हैं रास्ते

आप टेक्सटाइल डिजाइन में स्पेशलाइजेशन के साथ बैचलर इन फाइन आर्ट्स भी कर सकते हैं, इस कोर्स का फोकस तकनीकी कौशल पर होता है। लेकिन डिजाइन संस्थानों और फाइन आर्ट्स कॉलेजों में सीटें सीमित होती हैं। एक अन्य रास्ता है, बीएससी इन होम साइंस जिसमें टेक्सटाइल भी एक विषय होता है। मिसाल के तौर पर लेडी इरविन कॉलेज बीएससी इन होम साइंस प्रोग्राम में फैब्रिक एंड एपेरल साइंस की भी पेशकश करता है। इसके अलावा फैब्रिक एंड एपेरल साइंस में एमएससी भी उपलब्ध है। दुर्भाग्य से होम साइंस कोर्स महिलाओं के लिए ही है। पोलिटेक्निक और क्राफ्ट्स इंस्टीट्यूट भी ऐसे प्रोग्राम की पेशकश करते हैं। कई डिजाइन और छोटे स्टुडियो इन संस्थानों से सहायकों का चयन करते हैं। नियुक्ति पार्ट टाइम या प्रोजेक्ट के आधार पर होती है। आप कोई भी रास्ता अपनाएं, रचनात्मकता, टेक्सटाइल के लिए जुनून और अधिक से अधिक सीखने की लगन आपको दूसरों से आगे ले जाएगी।

## उद्यमी भी बन सकते हैं



टेक्सटाइल डिजाइनर बनने के बाद आपके लिए उद्यमी बनने के भी रास्ते खुले हैं। आप अपना डिजाइन स्टूडियो खोलकर डिजाइनरों की सेवाएं ले सकते हैं, और अंतर्राष्ट्रीय तथा भारतीय क्लाइंट्स की जरूरतें पूरी करने पर अपना ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं। 20-25 लोगों की टीम के साथ उनकी कंपनी डिजाइन फैब्रिक और सॉफ्ट होम फर्नीशिंग पर ध्यान केन्द्रित करती है। हालांकि जब-तब उन्हें अपनी वेबसाइट के जरिए विदेशों से एक अनूठा प्रोजेक्ट भी हाथ लग जाता है। लम्बे समय तक विदेशी ट्रेंड और तकनीक की समझ होने की वजह से हमें यह समझ आ जाती है कि कौन से प्रिंट चल सकते हैं, कौन से नहीं। नवीनतम डिजाइनों से परिचित होने के अलावा सफल उद्यमी बनने के लिए मार्केटिंग और प्रबंधन में कुशल होना भी जरूरी है। एप्रोच बहुत जरूरी है। रचनात्मकता जो बाजार में प्रासांगिक हो और सांस्कृतिक विरासत, शिल्प या क्षेत्रीय पहचान को सामने ला सके, वह आपके लिए अधिक जरूरी है। उनके प्रोजेक्ट्स में घरेलू रिटेल स्टोर के लिए टेक्सटाइल डिजाइन तैयार करना और आर्किटेक्ट्स तथा इंटीरियर डिजाइनरों के साथ काम घरों के लिए होम फर्नीशिंग तैयार करना शामिल है।







# मैनेजमेंट का मूलमंत्र है टीमवर्क

जो सभी के साथ मिलकर काम करना सीख लेता है वह पीछे मुड़क़र नहीं देखता, क्योंकि टीमवर्क के रूप में कार्य करना ही मैनेजमेंट का मूलमंत्र है। करियर बनाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है चूंकि इससे आप अपनी मनपसंदीदा करियर को चुनने में आसानी होने के साथ ही खाली बैठने के लिए आपके पास समय भी नहीं होगा।

## खुद को परफेक्ट बनाएं

मौजूदा परिस्थिति में किताबी कीड़ा बनकर या डिग्रियों का ढेर लगाकर सफलता की कामना नहीं की जा सकती है। अपने अंदर झांककर अपनी प्रतिभा को टटोलें कि किन क्षेत्रों में आप अपनी दक्षता को विकसित कर बाजी मार सकते हैं। जो क्षेत्र आपको सर्वाधिक उपयुक्त लगे, उसमें विशेषज्ञों की सलाह लेकर अपना कौशल बढ़ाएं।

## आत्मविश्वास बढ़ाना भी है जरूरी

जीवन के कुरुक्षेत्र में आधी लड़ाई तो आत्मविश्वास द्वारा ही लड़ी जाती है। यदि योग्यता के साथ आत्मविश्वास जुड़ जाए तो करियर के कुरुक्षेत्र में आपको कोई पराजित नहीं कर पाएगा। अध्ययन के साथ-साथ उन गतिविधियों में भी हिस्सा लें, जिनसे आपका आत्मविश्वास बढ़े।

## संपर्क स्थापित करना महत्वपूर्ण

आज जमाना ही सूचना प्रौद्योगिकी का है, यहां जितनी जानकारी, जितनी सूचनाएं आपके पास होंगी करियर निर्माण की राह उतनी ही आसान होगी। कूपमंडूकता छोड़ें, ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिलें उन्हें अपनी जानकारी दें, आपके जानने वालों का जंजाल जितना लंबा होगा सफलता उतनी ही आपके करीब होगी।

## नए जमाने की तकनीक अपनाएं

पुराना भले ही सुहाना माना जाता हो, लेकिन आज की प्रतिस्पर्धा में नई तकनीक का महत्त्व नकारा नहीं जा सकता है। किसी भी क्षेत्र में प्रवेश से पहले पूछा जाता है, क्या कम्प्यूटर चलाना आता है? कम्प्यूटर के आधारभूत ज्ञान के बजाय थोड़ी ज्यादा दिलचस्पी दिखाएं, क्योंकि यही वह अलादीन का चिराग है, जो करियर निर्माण की हर मांग को पूरा कर सकता है। इससे पहले कि कोई नई तकनीक पुरानी हो जाए आप इसके उस्ताद बन जाएं। अपने ज्ञान को परिमार्जित करते रहें। भविष्य उसी का होता है, जो अपने को श्रेष्ठतम तरीके से अनुकूल रूप में ढाल लेता है।

## परिवार का सहयोग आवश्यक

अकसर देखा गया है कि करियर निर्माण की चिंता में लोग घर परिवार को भूल जाते हैं। परेशानी और तकलीफ के वक्त परिवार ही काम आता है। इसलिए परिवार को पर्याप्त समय दें। पारिवारिक आमोद-प्रमोद से करियर की राह आसान हो जाती है तथा आप तनावमुक्त होकर करियर निर्माण की राह पर अग्रसर हो सकते हैं।

## दूसरों से न करें अनमना व्यवहार

आपका संघर्ष, आपकी परेशानी नितांत निजी मामला है। इसका असर दूसरों के साथ अपने व्यवहार में न आने दें। जो सभी के साथ मिलकर काम करना सीख लेता है वह पीछे मुड़क़र नहीं देखता, क्योंकि टीमवर्क के रूप में कार्य करना ही मैनेजमेंट का मूलमंत्र है।

## काम में ईमानदारी बरतें

झूठ ज्यादा देर टिकता नहीं है, अपने बारे में सही आकलन कर वास्तविक तस्वीर पेश करें। निष्ठापूर्ण व्यवहार की सभी कद्र करते हैं। अपने काम के प्रति आपकी ईमानदारी आपको करियर निर्माण में सर्वोच्च स्थान दिला सकती है। भूलें नहीं कि कार्य ही पूजा है।

## ज्यादा महत्वाकांक्षी न बनें

प्रत्येक इनसान में महत्वाकांक्षा का होना जितना अच्छा है, उसकी अतिमहत्वाकांक्षा उतनी ही नुकसानदायक होती है, क्योंकि अति सर्वत्र वर्जयते। किसी करिश्मे की उम्मीद न करें सभी चीजें समय पर ही मिलती हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# चौकीदार व्यवस्था प्रशासन की जमीनी सुरक्षा प्रणाली की आधारशिला है : उपायुक्त

जैप-09 साहिबगंज में नवनियुक्त चौकीदारों के पासिंग आउट परेड के पूर्वाभ्यास का

**संवाददाता**



साहिबगंजःउपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार सिंह ने आज जैप-09, साहिबगंज स्थित परेड मैदान में नवनियुक्त चौकीदारों के पासिंग आउट परेड के पूर्वाभ्यास का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में दोनों अधिकारियों ने परेड अभ्यास, अनुशासन, वेशभूषा, मैदान की साफ-सफाई तथा आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परेड समारोह की सभी तैयारियां समय पर एवं मानक के अनुरूप पूरी की जाएं, ताकि मुख्य कार्यक्रम के दिन किसी प्रकार की कमी न रहे। उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि चौकीदार व्यवस्था प्रशासन की जमीनी सुरक्षा प्रणाली की आधारशिला है।अतः सभी नवनियुक्त चौकीदार अपने दायित्वों के प्रति सजग, अनुशासित एवं संवेदनशील रहें। वहीं, पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार सिंह ने प्रशिक्षुओं को आत्मविश्वास एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संदेश दिया।ज्ञात हो कि नवनियुक्त चौकीदारों का प्रशिक्षणोपरांत पासिंग आउट परेड का आयोजन दिनांक 04 नवम्बर, 2025 मंगलवार को पूर्वाह्न 9:30 बजे जैप-09, साहिबगंज के परेड मैदान में किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के वरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## राजू शेख ने नजीर के ऊपर चोरी करने का लगाया आरोप

**साहिबगंज**:जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के मजहर टोला स्थित नईम लॉज में रह रहे राजू शेख जो गमछा फेरी कर बेचने का काम करता है एवं नजीर शेख जो राजमिस्त्री का काम करता है दोनों के कमरे से चोरों ने 70 हजार नगद की चोरो कर ली। राजू शेख ने नजीर के ऊपर चोरी करने का आरोप लगाया जबकि नजीर ने बगल के रहने वाले चार युवकों पर चोरी करने का आरोप लगाया है। राजू शेख ने बताया कि मैं 6 महीने से नईम लॉज में रह रहा हूं शुक्रवार की सुबह 6 बजे गमछा फेरी करने के लिए गया था वापस 10 बजे अपने रूम आया तो देखा दरवाजा का ताला टूटा हुआ है घर के अंदर बक्सा खोलकर किसी ने 40 हजार की चोरी कर लिया। राजू शेख ने बगल के रहने वाले राजमिस्त्री नजीर शेख के ऊपर चोरी करने का आशंका जाते हैं। तो वही नाजीर सीखने बताया कि उसके रूम में भी चोरों ने चोरी की है चोरों ने होला में रखा 32 हजार नगद की चोरी की है बताया कि बगल के मकान में बंगाल के चार युवक रहते हैं और वह लोग उसे दिन ताश खेल रहे थे हो सकता है कि वही लोग दोनों रूम में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया होगा क्योंकि चोरी की घटना सुनकर वह लोग अपने घर भाग गए। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# स्कूली छात्राओं ने देशभक्ति कला और समाज के प्रति अपनी भावनाओं को रंगों के माध्यम से उकेरा

**संवाददाता**



साहिबगंज : न्यू झारखंड युवा क्लब के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव के नेतृत्व त में शनिवार को यमुनादास बालिका हाई स्कूल पुरानी साहिबगंज में शहीद नायक सुबोध सिंह की स्मृति में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों स्कूली छात्राओं ने देशभक्ति कला और समाज के प्रति अपनी भावनाओं को रंगों के माध्यम से उकेरा।मुख्य अतिथि पूर्व वार्ड पार्षद गोपाल चोखानी सहित अन्य थे। निर्णायक मंडली में ज्योति कुमारी,श्रुति कुमारी,यमुनादास बालिका हाई स्कूल प्राचार्य मो यूसुफ,शिक्षिका बबीता कुमारी थी।पेंटिंग में प्रथम अदिति राज, कक्षा दशम,पीएम श्री उत्कर्ष नगर पालिका उच्च विद्यालय,द्वितीय काजल कुमारी कक्षा दशम यमुनादास बालिका हाई स्कूल,तृतीय श्रुति कुमारी कक्षा दशम यमुनादास बालिका हाई स्कूल, चतुर्थ सौम्या शर्मा कक्षा नौ यमुनादास बालिका हाई स्कूल,पांचवे स्थान में लक्ष्मी यादव,कक्षा नौ यमुनादास बालिका हाई स्कूल,छठे स्थान में शीतल कुमारी,कक्षा नौ,सातवें स्थान में मुस्कान कुमारी,कक्षा दशम,आठवें स्थान पर जूही कुमारी,कक्षा दशम रही।आयोजनकर्ता विनोद यादव ने बताया कि तीन नवंबर को शहीद नायक सुबोध सिंह की स्मृति में सकरूगढ़ शहीद चौक स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी जाएगी।उसके बाद विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण शिविर का समापन

**संवाददाता**

साहिबगंज/बड़हरवाः-बरहरवा प्रखण्ड अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र सहायक निदेशक उद्यान के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को बड़हरवा प्रखंड क्षेत्र के कालू पंचायत में तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। जिसमें गुरुवार को शुभारंभ किया गया था।रांची के वरीय विशेषज्ञ राधाकांत गिरी, कालू पंचायत के उपमुखिया मीणा देवी,मुखिया प्रतिनिधि तारक घोष,जिला उद्यान विभाग से प्रेम पासवान द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। राधाकांत गिरी ने मधुमक्खी पालन के लिए सरकार द्वारा दी जा रही उपादानों तथा किसानों के लिए मधुमक्खी पालन व्यवसाय अपनाये जाने पर विस्तार से चर्चा की।उन्होंने मधुमक्खी पालन से किसानों को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी।शहद उत्पादन के साथ-साथ फसलों के उत्पादन को बढ़ाने का भी तरकीब बताया।एवं मधुमक्खी के विभिन्न प्रजातियों, वर्गीकरण तथा रानी मक्खी की जानकारी दी गयी।वहीं उद्यान विभाग के प्रेम पासवान ने शहद संरक्षण तथा उसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में शहद का डिमांड काफी बढ़ गया है।लोग शहद का उपयोग न सिर्फ खाने-पीने में कर रहे हैं।बल्कि अब तो शहद का उपयोग लोग अपने सौंदर्य को निखारने के लिए भी करने लगे हैं.इसलिए इस व्यवसाय में काफी मुनाफा है। इसे दूसरे कार्य के साथ भी आसानी से किया जा सकता है। प्रशिक्षण शिविर में कुल 20 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।वही कीट की वितरण अगले सोमवार को किया जाएगा।

## चांदशहर में वाटर प्लांट का शुभारंभ, स्वच्छ जल से मिलेगा लोगों को राहत



मुख्य अतिथि बरकत खान ने फीता काटकर किया उद्घाटन, संचालक ने बताया 24 घंटे उपलब्ध रहेगा शुद्ध जल

**संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा:**प्रखंड क्षेत्र के चांदशहर पंचायत में रविवार को वाटर प्लांट का शुभारंभ किया गया।कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सह पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने फीता काटकर वाटर प्लांट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बरकत खान ने कहा कि आयरन युक्त पानी के सेवन से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इससे कई बीमारियाँ जन्म लेती हैं। इसलिए स्वच्छ और फिल्टर किया हुआ पानी पीना अत्यंत आवश्यक है। यह वाटर प्लांट ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद उपयोगी साबित होगा। वहीं वाटर प्लांट के संचालक बंटी शेख ने बताया कि इस केंद्र पर न्यूनतम दर पर जार पानी उपलब्ध कराया जाएगा, साथ ही 24 घंटे होम डिलीवरी की भी सुविधा दी जा रही है ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। शादी विवाह सहित अन्य कार्यक्रमों के लिए भी जार पानी के लिए संपर्क कर सकते है। मौके पर महबूब आलम, बाबुल शेख, जैनुल आब्दीन शेख, हीरालाल सरकार, अनारुल खान, अब्दुल मतीन, बरकत शेख, केशरुल शेख, राजेश नदाब, तमिरुल शेख, समरुल शेख, मौलाना सूफियान, इस्ताब अली, सरवर हुसैन समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विशेष लोक अदालत 29 नवम्बर को मासिक लोक अदालत के साथ आयोजित की जाएगी

**संवाददाता**



साहिबगंजःझारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेशानुसार और माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा बिजली मामलों के निपटारे हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन दिनांक 29 नवम्बर, 2025 किया जा रहा है।इस संबंध में आज एक बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज श्री अखिल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला व सत्र न्यायाधीश प्रथम शेखर कुमार प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत झारखण्ड राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, साहिबगंज के अभियंता उपस्थित रहे।यह विशेष लोक अदालत 29 नवम्बर, 2025 को मासिक लोक अदालत के साथ आयोजित की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य बिजली से संबंधित विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान करना, उपभोक्ताओं और सेवा प्रदाताओं के बीच विश्वास एवं सद्भाव स्थापित करना तथा लंबित मुकदमों की संख्या को कम करना है।झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा इसके लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है। इस लोक अदालत में अधीक से अधीक मामलों के निपटारे का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।विशेष लोक अदालत के सफल संचालन हेतु 24 से 28 नवम्बर, 2025 तक पूर्व-लोक अदालत बैठकों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संबंधित पक्षों के बीच आपसी सहमति से समाधान के प्रयास किए जाएंगे। अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बिजली संबंधी मामलों की पहचान कर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। पी.एल.वी. पारा विधिक स्वयंसेवक न्याय मित्र बिजली उपभोक्ताओं को जागरूक करने और नोटिस वितरण के कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।मामलों के प्रभावी समाधान हेतु कुशल मध्यस्थों की सेवाएं भी ली जाएंगी, ताकि दोनों पक्ष बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के एक वैध एवं संतोषजनक समझौते पर पहुँच सकें। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज श्री अखिल कुमार ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे अपने बिजली संबंधी प्री-लिटिगेशन और न्यायलय में लंबित मामलों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज और अनुमंडल विधिक सेवा समिति, राजमहल में कार्यालय अवधि के दौरान दाखिल करवा सकते हैं।उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएँ और अपने लंबित या प्री-लिटिगेशन बिजली मामलों का निस्तारण इस विशेष लोक अदालत के माध्यम से करवाएँ।

# भक्तों के बीच बाबा का छप्पन भोग और सवामणी का प्रसाद भी चढ़ाया



साहिबगंजःदेवउठनी एकादशी और खाटूवाले श्याम बाबा के अवतरण दिवस पर समर्पित सभी श्याम प्रेमियों चौक बाजार स्थित बाबा डाकिनाथ महादेव मंदिर से बाबा का निशान को हाथों में लेकर राजस्थानी परिवेश में महिलाएं पुरुष सभी ढोल नगाड़ों के साथ बाबा श्याम की जय जयकार करते झूमते नाचते हुए शोभायात्रा शहर के चौक बाजार ,बाटा रोड,गुडबाजार, गोपालपुर होते हुए पुरुषोत्तम गली बाबा श्याम मंदिर पहुंची।इस पावन अवसर पर श्याम बाबा के रथ को फूलों से सजाया गया।बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर सैकड़ों श्यामभक्तो ने झमाझम बारिश के फुव्वारे के बीच श्याम बाबा की जय हारे के सहारे की जय सावरे सरकार की जय शीश के दानी की जय,नीले घोड़े वाले जय आदि जयकारों से वातावरण भक्ति माहौल में गुंजायमान हो गया श्रद्धालुओं में उत्साह भरपूर रहा।वही शाम मे बाबा का भजन कीर्तन का आयोजन कोलकाता के भजन गायक चेतन जायसवाल के द्वारा किया गया। और भक्तो के बीच बाबा का छप्पन भोग और सवामणी का प्रसाद भी चढ़ाया गया।मौके पर श्याम भक्त मंडल के अध्यक्ष रवि भगत,ओम सिंघानिया,अंकित के जरीवाला,मानव खदानिया,अंकिता सराफ,जगदीश नर्सरियां,मोहित बोगीराजका,अमिता तमाकुवाला,मोनी सराफ,शंकर खंडेलवाल,सूरज शर्मा,गोकुल टिबरेवाल आदि सभी ने बाबा श्याम के भजनों में खूब झूमा और जमकर आनंद उठाया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### झामुमो नेता ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात जताया गहरा शोक



**साहिबगंज/उधवा:**राधानगर थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी गांव के मीर कासिम नदाब 22 की मुंबई में हुई निर्मम हत्या से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। शुक्रवार देर रात राजमहल के निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सह झामुमो नेता किताबुद्दीन शेख मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। जानकारी के अनुसार, मुंबई के गोवंडी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात मीर कासिम की अज्ञात अपराधियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। बताया जाता है कि मीर कासिम मुंबई में नारियल का थोक व्यवसाय करते थे। गुरुवार अहले सुबह करीब 5 बजे स्थानीय लोग नारियल लेने के लिए उनके कमरे पर पहुंचे तो देखा कि मीर कासिम का शव कमरे के बाहर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। उनके गले और पेट पर धारदार हथियार से कई वार किए गए थे।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।झामुमो वही नेता किताबुद्दीन शेख ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह बेहद दर्दनाक और अमानवीय कृत्य है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और स्थानीय प्रशासन से जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। ग्रामीणों ने भी एकजुट होकर प्रशासन से न्याय की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मीर कासिम मेहनती और मिलनसार स्वभाव के युवक थे। उनके असमय निधन से गांव के लोग सदमे में हैं।

### अगर आज हमारे जीवन में पेड़ नहीं होता तो हमें जीवन जीने में काफी कठिनाई होगी : बलदेव



साहिबगंजःशहर के छोटा पंचगढ़ स्थित झंडा मेला परिसर में मूलनिवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष बलदेव उरांव ने दो सखुआ का पौधा लगाकर लोगों से पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़ लगाने की अपील की।उन्होंने संघ के अधिकारियों और सदस्यों से एक पेड़ संघ के नाम लगाने का आह्वाहन किया।उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों से ही पर्यावरण और जल का संरक्षण होता है।अगर आज हमारे जीवन में पेड़ नहीं होता तो हमें जीवन जीने में काफी कठिनाई होगी।इसलिए सभी लोगों को अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगानी चाहिए।ताकि आने वाले हमारे पीढ़ी को जीवन मे जीने के लिए किसी तरह का परेशानी ना हो।मौके पर नेताजी उरांव,रामेश्वर उरांव,राजकुमार मुंडा,सिमोन हांसदा,विभीषण पासवान,रामस्वरूप यादव,अभिनव मंडल,कृष्णा गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### सेवानिवृतों को माला अंग वस्त्र प्रमाण पत्र देकर सम्मानित



**साहिबगंज:** जैप-9 के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृत अ.नि.गिरधारी पासवान,अ.नि.बृजनंदन पांडे व अ.नि.लाल किशोर प्रसाद जो 31दिसंबर 2025 को अपने सेवाकाल से सेवानिवृत हुए विदाई दी गई।मिली जानकारी अनुसार श्री पासवान ने अपने सेवाकाल के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए कुल 17 पुरस्कार,श्री पांडेय ने 44और प्रसाद को सेवा में रहते हुए 21 पुरस्कार प्राप्त किए है।सभी सेवानिवृत लोगों को माला अंग वस्त्र प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा,सूबेदार दिगंबर सिंह,लाइन बाबू प्रभु प्रसाद,जैपझ्र9 के सभी शाखा के एसोसिएशन कर्मी एवं पदाधिकारी शामिल हुए।

### किसी भी प्रकार की लापरवाही पर प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी: उपायुक्त



साहिबगंजःजिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने आज आर.एन.आर. कॉलोनी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित कॉन्ट्रैक्टरों को निर्धारित समयसीमा वर्क डेडलाइन के भीतर सभी कार्यों को गुणवत्ता एवं मानक के साथ पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया।उन्होंने निर्माण एजेंसी से कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इसके उपरांत उपायुक्त स्पेशल डिवीजन एवं पशुपालन कार्यालय का भी दौरा किया। दौरे के क्रम में उन्होंने विभागीय अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट ली एवं कार्यों में गति और पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया।

### पूर्व विधायक मैनुल हक के निधन पर राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर

साहिबगंज :फरक्का विधानसभा क्षेत्र के प्रख्यात वरिष्ठ राजनेता और पाँच बार के पूर्व विधायक मैनुल हक का रविवार की सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे फरक्का और मुर्शिदाबाद जिले में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार, मैनुल हक पिछले कई दिनों से दिल का दौरा पड़ने के बाद कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे, जहाँ चिकित्सक उनकी स्थिति को लेकर लगातार निगरानी में थे।रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली।मैनुल हक ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में फरक्का विधानसभा क्षेत्र का कई बार प्रतिनिधित्व किया और जनता के बीच एक लोकप्रिय जननेता के रूप में पहचान बनाई। वे अपने सहज स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और विकासपरक राजनीति के लिए जाने जाते थे।राजनीतिक जीवन के अंतिम चरण में वे तृणमूल कांग्रेस टीएमसी में शामिल हुए थे। और पार्टी ने उन्हें राज्य उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। उनके निधन से न केवल तृणमूल कांग्रेस परिवार, बल्कि पूरे जिले की राजनीति में गहरा शून्य पैदा हो गया है।स्थानीय लोगों और समर्थकों ने बताया कि मैनुल हक हमेशा जनता की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहते थे। उनके निधन की खबर से पूरे इलाके में मातम पसर गया है।राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जाना एक युग का अंत है। उनके पार्थिव शरीर को सोमवार को फरक्का लाया जाएगा, जहाँ अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा।



# 18 साल बाद सलमान के साथ काम कर सकते हैं गोविंदा!



## ● शुरू की फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग

18 साल बाद 'पार्टनर' एक बार फिर साथ आ रहे हैं। दरअसल, सलमान खान की मच अवेटेड फिल्म में अब 'बैटल ऑफ गलवां' में गोविंदा भी नजर आएंगे।

बॉलीवुड के 'पार्टनर' यानी सलमान खान और गोविंदा की जोड़ी अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आ सकती है। सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' को लेकर चर्चाओं में हैं। अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि इस फिल्म में सलमान खान के साथ गोविंदा भी नजर आएंगे। यानी लगभग 18 साल बाद दोनों अभिनेता एक साथ एक फिल्म में नजर आएंगे।

### सलमान ने खुद दी हिंट

बिग बॉस 19 के वीकेंड का वार के हालिया एपिसोड में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा शो में बतौर मेहमान शामिल हुईं। सलमान और सुनीता ने गोविंदा के साथ उनके फिर से साथ आने पर चर्चा की, जो अब फैंस के बीच वायरल है। दरअसल, सलमान ने इस दौरान ये कहा कि अब वो और गोविंदा एक साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, सलमान ने इस प्रोजेक्ट के नाम का खुलासा नहीं किया, लेकिन ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि गोविंदा वॉर ड्रामा 'बैटल ऑफ गलवां' में सलमान के साथ अभिनय करेंगे।

### यह होगी फिल्म की कहानी

इन चर्चाओं के बीच कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया कि गोविंदा ने 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग भी शुरू कर दी है। 'बैटल ऑफ गलवां' अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म भारत और चीन के बीच 2020 के गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है, जो समुद्र तल से 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर बिना एक भी गोली चलाए लड़ा गया था। सलमान के अलावा फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी।

# महिला विश्व कप : भारत-दक्षिण अफ्रीका में खिताबी जंग आज, दुनिया को मिलेगा नया चैंपियन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में रविवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका आमने-सामने होंगे। यह पहला मौका है, जब न तो ऑस्ट्रेलिया और न इंग्लैंड फाइनल में पहुंचे हैं। इस मुकाबले के साथ महिला क्रिकेट को नया विश्व चैंपियन मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका ने 29 अक्टूबर को अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। अगले दिन भारत ने सेमीफाइनल में 339 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को हराकर इतिहास रच दिया था। दोनों टीमें अब खिताब से एक कदम दूर हैं। भारत का सफर कठिन, दक्षिण अफ्रीका का प्रदर्शन स्थिर




भारत ने लीग चरण में लगातार तीन हार झेली थीं, लेकिन बाद में न्यूजीलैंड को हराकर वापसी की और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यादगार रन-चेज किया। दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका ने पांच जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया, हालांकि इंग्लैंड (69 पर ऑलआउट) और ऑस्ट्रेलिया (97 पर ऑलआउट) के खिलाफ उनका बल्लेबाजी क्रम ढह गया था।

### ओपनिंग जोड़ी की ताकत

भारत की स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने इस साल 1557 रन जोड़े हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वाड्र्ट और टैजमिन ब्रिट्स ने 1120 रन बनाए। प्रतिका के चोटिल होने के बाद मंधाना के साथ अब शैफाली वर्मा की जोड़ी उतरेगी। हालांकि शैफाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नहीं चल सकीं थीं लेकिन अब उम्मीद होगी की वो फाइनल में बेहतर करें

### कप्प के नेतृत्व में घातक तेज आक्रमण

दक्षिण अफ्रीका की मारिजने कप्प इस टूनामेंट की सबसे किफायती गेंदबाजों में हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ बेहतरीन गेंदबाजी करके, इंग्लिश पारी की कमर तोड़ दी थी, नई गेंद से उन्होंने 3.81 की इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी की है। कप्प का भारत की चार सबसे अनुभवी बल्लेबाजों के खिलाफ रिकॉर्ड काफी प्रभावशाली रहा है। स्मृति मंधाना, जेमिमा रॉड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को उन्होंने अक्सर दबाव में रखा है, जबकि हरमनप्रीत कौर को वह अब तक चार बार पवेलियन भेज चुकी हैं। हालांकि, मंधाना की हालिया शानदार फॉर्म इन आंकड़ों को बेअसर कर सकती है, जैसा कि उन्होंने हाल ही में एश्ले गार्डनर के खिलाफ दिखाया था। इसके अलावा आयाबोंगा खाका के खिलाफ मंधाना का दबदबा (158 गेंदों में 156 रन, सिर्फ दो बार आउट, स्ट्राइक रेट 98.73) भी उनके पक्ष में जाता है। इसलिए अगर कप्प अपनी लय जल्दी पा भी लें, तो मंधाना का आत्मविश्वास और फॉर्म दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकती है।

### वोल्वार्ट बनाम भारतीय स्पिनर्स

अगर भारत दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट को उनकी पारी की शुरूआत में ही आउट करने में नाकाम रहता है, तो टीम की रणनीति होगी कि स्पिनरों के जरिए उनके रन प्रवाह को रोका जाए। लीग मुकाबले में अपनी 111 गेंदों की पारी के दौरान वोल्वार्ट ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ 74.28 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे, जबकि स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट केवल 57.89 रहा था।

# राष्ट्रवादी का टैग लगने पर क्या बोलीं यामी गौतम? फिल्म हक में अपने रोल पर भी रखी बात

फिल्म हक के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से कई सवाल किए गए। इस पर उन्होंने बेबाकी से जवाब दिए हैं। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा है? शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, हक के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाहबानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है।

### यामी से पूछा गया सवाल


फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर राष्ट्रवादी कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया।

### राष्ट्रवादी टैग को किया खारिज

राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना। उन्होंने कहा, ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।

अपने किरदार पर बोलीं यामी

यामी गौतम ने बताया कि फिल्म हक उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था। यामी ने कहा, यह विषय सार्वजनिक जीवन में रहा है। मैं हमेशा सोचती हूं कि शाजिया जैसी महिला को किस तरह की ताकत और साहस की जरूरत रही होगी।



# केन विलियमसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

**ऑकलैंड :** न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। 35 वर्षीय विलियमसन ने यह फैसला अगले टी20 विश्व कप से मात्र चार महीने पहले लिया है, जिससे उनके शानदार 93 मैचों के करियर का अंत हो गया। विलियमसन न्यूजीलैंड की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 33 की औसत से 2575 रन बनाए, जिसमें 18 अर्धशतक और 95 रन का सर्वाधिक स्कोर शामिल है। उन्होंने 2011 में डेब्यू किया था और 75 मैचों में टीम की कप्तानी की, जिसमें न्यूजीलैंड को दो टी20 विश्व कप सेमीफाइनल (2016, 2022) और एक फाइनल (2021) में पहुंचाया।




विलियमसन ने अपने बयान में कहा, ह्लयह कुछ ऐसा है जिसका हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास रहा है। मैं इस लंबे सफर के लिए आभारी हूं। अब यह सही समय है – मेरे लिए और टीम के लिए – ताकि अगले चरण की तैयारी स्पष्ट रूप से हो सके। टीम में बहुत प्रतिभा है और मुझे विश्वास है कि मिच सैंटनर शानदार नेतृत्व करेंगे। विलियमसन पहले ही न्यूजीलैंड की व्हाइट-बॉल कप्तानी मिचेल सैंटनर को सौंप चुके हैं। 2024 टी20 विश्व कप में टीम के शुरूआती बाहर होने के बाद उन्होंने सीमित ओवरों में अपनी भूमिका को सीमित कर लिया था ताकि वे परिवार और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बीच संतुलन बना सकें। हाल ही में वे चोटों और चयनात्मक शेड्यूल के कारण ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर रहे, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई वनडे सीरीज में उन्होंने वापसी की। उन्होंने संकेत दिया कि वह भविष्य में टेस्ट और वनडे क्रिकेट में अपनी भूमिका को लेकर खुले दिमाग से निर्णय लेंगे।

विलियमसन अब नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से 26 नवंबर से ऑकलैंड के खिलाफ प्लंकेट शील्ड मैच में उतर सकते हैं। उनका अगला बड़ा लक्ष्य वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 दिसंबर से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज होगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ स्कॉट वीनिंक ने विलियमसन की तारीफ करते हुए कहा,ह्लटी20 प्रारूप में केन का योगदान और नेतृत्व अद्भुत रहा है। उनकी बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों ने टीम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। टी20 विश्व कप फाइनल में उनकी 85 रनों की पारी न्यूजीलैंड क्रिकेट इतिहास की खास पारियों में से एक थी। वीनिंक ने आगे कहा कि बोर्ड पूरी तरह विलियमसन के फैसले का सम्मान करता है, ह्लवह हमारे सबसे महान क्रिकेटरों में से एक हैं। जब भी वे बाकी प्रारूपों से संन्यास लेंगे, वे न्यूजीलैंड क्रिकेट के दिग्गजों में शुमार रहेंगे।केन विलियमसन टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलते रहेंगे और वे न्यूजीलैंड के सभी प्रारूपों में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हुए हैं।

# दिलजीत के 'कुफर' गाने में ट्रोल होने पर मानुषी छिल्लर ने दिया करारा जवाब, बोलीं- 'मेरा नहीं तो कम से कम'

**मिस** वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद फिल्मों में आई अभिनेत्री मानुषी छिल्लर को अभी भी एक बड़ी हिट की तलाश है। हालांकि, हाल ही में मानुषी सिंगर दिलजीत दोसांझ की 'औरा' एल्बम के नए गाने 'कुफर' में नजर आईं। ये गाना अपनी रिलीज के बाद से ही लगातार ट्रेंड में बना हुआ है और लोगों को पसंद आ रहा है। गाने के वीडियो में मानुषी दिलजीत के साथ नजर आई हैं। दोनों की केमिस्ट्री भी फैंस को पसंद आ रही है। हालांकि, इस बीच जब एक यूजर ने मानुषी को ट्रोल किया, तो एक्ट्रेस ने बड़ी ही शालीनता से ट्रोलर को करारा जवाब दिया। मानुषी ने एक्स पर एक क्रिप्टिक पोस्ट किया, जिसे ट्रोलर्स को उनका जवाब माना जा रहा है। मानुषी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, 'मेरा नहीं, लेकिन क्या हम उस डांसर का सम्मान नहीं कर सकते जो बस अपना काम कर रही थी।' जाहिर है कि मानुषीने उनके डांस के लिए उन्हें ट्रोल करने पर ट्रोलर्स को जवाब दिया है और डांसर का सम्मान करने की बात कही है। वर्कफ्रंट की बात करें तो मानुषी छिल्लर ने साल 2022 में हिस्टोरिकल-ड्रामा 'सम्राट पृथ्वीराज' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वो 'द ग्रेट इंडियन फैमिली', 'बड़े मियां छोटे मियां', 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' और 'मालिक' में नजर आई हैं। मानुषी आखिरी बार इसी साल आई जॉन अब्राहम की फिल्म 'तेहरान' में नजर आई थीं। हालांकि, मानुषी को अभी भी एक बड़ी हिट की तलाश है। दिलजीत दोसांझ के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो इन दिनों अपने ऑरा टूर में व्यस्त हैं।



# जैकी चैन और ऋतिक रोशन की मुलाकात, कुंग फू फाइटिंग गाना किया समर्पित

**बॉलीवुड** के सुपरस्टार ऋतिक रोशन इन दिनों अमेरिका के बेवर्ली हिल्स में छुट्टियां मना रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अपने पसंदीदा एक्शन आइकॉन, हॉलीवुड के मशहूर स्टार जैकी चैन से मुलाकात की। ऋतिक ने इस मुलाकात का अनुभव अपने फैंस संग शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर साझा की गई तस्वीरों और कैप्शन में इस मुलाकात की जानकारी दी। सोमवार को ऋतिक ने अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर जैकी चैन के साथ दो तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में दोनों कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए पोज देते दिख रहे हैं। फोटो के बैकग्राउंड ऑडियो के तौर पर ऋतिक ने कुंग फू फाइटिंग गाना लगाया। इस गाने को ऋतिक ने जैकी चैन को उनके मार्शल आर्ट्स करियर के लिए समर्पित किया है। कैप्शन में ऋतिक ने मजाकिया अंदाज में लिखा, आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा सर, मेरी टूटी हड्डियां आपकी टूटी हड्डियों को याद करती हैं।बता दें कि ऋतिक अमेरिका में अपनी गर्लफ्रेंड सबा के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं। 26 अक्टूबर को उन्होंने कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं थी, जिसमें दोनों एक साथ मौसम का लुत्फ उठाते हुए नजर आए थे। इन तस्वीरों में ऋतिक और सबा एक-दूसरे को गले लगाते हुए दिखें। दोनों ने तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, सर्दियों में सैर से बेहतर कुछ नहीं। ऋतिक रोशन अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर भी चर्चाओं में हैं। वह जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रोड्यूसर के रूप में डेब्यू करने जा रहे हैं। उनका पहला प्रोजेक्ट एक थ्रिलर शो स्टॉर्म है, जो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा और मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित होगा। इस शो के निर्माता और निर्देशक अजीतपाल सिंह हैं, जिन्होंने पहले टब्बर जैसी वेब सीरीज और फायर इन द माउंटेंस जैसी फिल्म बनाई हैं। शो की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है और फैंस को इसके लिए काफी उत्सुकता है।





# पद्मावत से हीरामंडी तक अपने हर किरदार से दिखाई सशक्त नारी की छवि



**बॉलीवुड** और टॉलीवुड की चमक-दमक भरी दुनिया में कई अभिनेत्रियां हैं, लेकिन कुछ ही कलाकार ऐसे होते हैं जो अपनी खूबसूरती के साथ-साथ ऐतिहासिक किरदारों में अपनी पहचान भी बना पाते हैं। अदिति राव हैदरी उन्हीं में से एक हैं। अदिति ने सिर्फ फिल्मों में अपने अभिनय का जादू नहीं बिखेरा, बल्कि इतिहास से जुड़े कई किरदारों को जीवंत बनाकर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। चाहे वह पद्मावत में रानी मेहरुन्निसा का किरदार हो या ताजः डिवाइडेड बाय ब्लड में अनारकली की भूमिका, अदिति ने हमेशा अपने किरदारों में शाही और नाजुक अंदाज को बखूबी पेश किया है।अदिति राव हैदरी का जन्म 28 अक्टूबर 1986 को हैदराबाद में हुआ था। उनका जन्म एक शाही परिवार में हुआ। वह अकबर हैदरी की परपोती होने के साथ असम के पूर्व गवर्नर मोहम्मद सालेह अकबर हैदरी की पोती हैं। इसके अलावा, उनके नाना जे.रामेश्वर राव तेलंगाना के वनापर्थी पर राज किया करते थे। अदिति की मां विद्या राव एक हिंदू है और पिता एहसान हैदरी मुस्लिम हैं। यही वजह है कि वह अपने सरनेम में अपने माता और पिता दोनों का नाम लिखती हैं।

अदिति ने फिल्मी करियर की शुरुआत मलयालम फिल्म प्रजापति से की थी। इसके बाद उन्होंने 2006 में हिंदी फिल्म दिल्ली-6 से बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उनका कैमियो रोल था, लेकिन उन्होंने अपने अभिनय और चेहरे की मासूमियत से दर्शकों का ध्यान खींचा। इसके बाद अदिति ने लगातार फिल्मों में अपनी जगह बनाई और कई महत्वपूर्ण किरदार निभाए। साल 2011 में आई ये साली जिंदगी और रॉकस्टार जैसी फिल्मों ने अदिति को बॉलीवुड में जगह दिलाई। रॉकस्टार में उनके अभिनय को काफी सराहा गया, और उन्होंने अपनी अदाकारी से रणबीर कपूर के साथ शानदार कैमिस्ट्री दिखाई। इसके बाद उन्होंने फितूर, मर्डर 3 जैसी फिल्मों में भी काम किया, लेकिन दर्शकों और क्रिटिक्स ने उन्हें खास तौर पर पद्मावत में रानी मेहरुन्निसा के किरदार के लिए याद किया। पद्मावत में अदिति ने रानी मेहरुन्निसा का किरदार निभाते हुए न सिर्फ शाही गरिमा को दिखाया, बल्कि अपने चेहरे के हाव-भाव और संवादों में उस समय की नाजुकता और ताकत को भी बखूबी पेश किया। इस रोल ने उन्हें इतिहास से जुड़े पात्रों में एक खास पहचान दिलाई। इसके बाद अदिति को इतिहास पर आधारित फिल्मों और वेब सीरीज में कई ऑफर मिलने लगे। 2023 में रिलीज हुई ताजः डिवाइडेड बाय ब्लड में अदिति ने अनारकली का किरदार निभाया, जिसमें उन्होंने अपनी अदाकारी और शाही अंदाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निजी जिंदगी की बात करें तो, अदिति ने 21 साल की उम्र में पहली शादी की, लेकिन यह रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं चला। बाद में उन्होंने अभिनेता सिद्धार्थ के साथ शादी रचाई और अब अपनी हैप्पी मैरिड लाइफ बिता रही हैं।

# जन्नत फेम अभिनेत्री सोनल चौहान की मिर्जापुरः द फिल्म में हुई एंट्री

**जन्नत** फेम अभिनेत्री सोनल चौहान की एंट्री मिर्जापुरः द फिल्म में हो गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। सोनल ने भी टीम को थैंक्स कहते हुए एक पोस्ट किया है। अभिनेत्री सोनल चौहान को 'जन्नत' और 'आदिपुरुष' जैसी फिल्मों में काम करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार गिफ्ट हैंपर और प्रोडक्शन हाउस के एक नोट की झलक दिखाई। नोट में जानकारी दी गई है कि सोनल अब मिर्जापुर फिल्म का हिस्सा हैं।इस नोट में लिखा है, प्रिय सोनल, हम आपको मिर्जापुर की टीम में पाकर बहुत उत्साहित हैं। हम पर्दे पर आपके अभिनय का जादू को देखने के लिए बेताब हैं। सोनल ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं मिर्जापुरः द फिल्म में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हुई और मैं आप सभी को यह देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि हम पर्दे पर क्या-क्या दिखाने वाले हैं। इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। इस फिल्म की शूटिंग वाराणसी में शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में अली फजल एक बॉडी बिल्डर के रूप में दिखाई देंगे, इसके लिए उन्होंने जमकर ट्रेनिंग भी ली है। क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मिर्जापुर' में गद्दी के लिए लड़ते बाहुबलियों की दुनिया को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। इस फिल्म से सीरीज के किरदारों की बड़े पर्दे पर वापसी होगी। इसमें कालीन भैया के रूप में पंकज त्रिपाठी, गुड्डू के रूप में अली फजल और मुन्ना के रूप में दिव्येंदु शर्मा जैसे कलाकार दिखाई देंगे। फिल्म में श्वेता त्रिपाठी गोलू गुप्ता के रोल को निभाती दिखाई देंगी और रसिका दुग्गल फिल्म में अपने बीना त्रिपाठी के किरदार में दिखाई देंगी। इस सीरीज की शूटिंग उत्तर प्रदेश में मुख्यतः मिर्जापुर, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, लखनऊ, रायबरेली, गोरखपुर और वाराणसी जैसे शहरों में हुई थी।



# दो वर्ष में पूर्ण हुए हैं विकास के अनेक असंभव कार्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- मप्र के गौरवशाली 70वें स्थापना दिवस समारोह ह्यह्यअभ्युतदय मध्य प्रदेशह्नह्न का शुभारंभ

**एजेंसी**

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गत दो वर्ष में प्रदेश में विकास के कई ऐसे कार्य पूर्ण हुए हैं जो असंभव माने जाते थे। मध्य प्रदेश विकास के नए पैमाने गढ़ रहा है। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना का कार्य तेजी से हो रहा है। औद्योगिक विकास दर उल्लेखनीय 24% प्राप्त की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार देर शाम भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों अवतार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो टाइगर रिजर्व भोपाल वन विहार और माधव नेशनल पार्क शिवपुरी हैं। यही नहीं नौ टाइगर रिजर्व अभयारण्य प्रदेश में हैं। प्रदेश में ओंकारेश्वर में 27वां अभयारण्य प्रारंभ हो रहा है, जिसका क्षेत्र खंडवा और देवास जिलों में रहेगा। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि संस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश को अनेक सौगातें मिली हैं। उन्होंने कहा कि यहां का वातावरण देख कर ऐसा लग रहा है जैसे यहां स्वर्ग उतर आया है। यहां एक के बाद एक लघु फिल्म के आधार पर मध्य प्रदेश के विकास की कुछ झलकियां दिखाई गईं। बीते साल के साथ किए गए अलग-अलग काम जिसके बलबूते पर हर क्षेत्र में विकास के जो नए पैमाने गढ़े गए थे। शनैः-शनैः हम एक-एक कर उन सबको पार करते गए थे। चुनी हुई सरकार के माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य को बेहतर से बेहतर मुकाम तक पहुंचाने के लिए लगातार पड़ाव दर- पड़ाव पार किए उस तरह की यात्रा में हम बढ़े हैं। कार्यक्रम को संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा हमें अपना शुभाशीष दिया है। उनके मार्गदर्शन में हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में विकास और प्रगति के उच्च आयाम गढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ₹विकसित मध्य प्रदेश-2047₹ का रोड मैप तैयार किया जा चुका है। आज का यह आयोजन मध्य प्रदेश की विरासत से विकास तक की यात्रा को जन-जन तक पहुँचाने का महोत्सव है। हमारा मध्य प्रदेश केवल एक भौगोलिक भूखण्ड मात्र नही है, बल्कि भारत की आत्मा का प्रतीक है। जिस प्रकार हृदय संपूर्ण शरीर में जीवन का संचार करता है, उसी प्रकार मध्य प्रदेश ने अपनी संस्कृति और सृजन से भारत के प्राणतत्व को सशक्त किया है। इसलिए आज के इस आयोजन को 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' की संज्ञा दी गई है। कार्यक्रम को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डलेवाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर मंत्रीगण चैतन्य कुमार काश्यप, कृष्णा गौर व गौतम टेट्वाल, सांसदगण दर्शन सिंह चौधरी व राहुल सिंह लोधी, विधायकगण रामेश्वर शर्मा, भगवान दास सबनानी व विष्णु खत्री, भोपाल महापौर मालती राय, मुख्यसचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव शिव शेखर शुक्ला ने आभार प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश के गौरवशाली 70वें स्थापना दिवस समारोह में लघु फिल्म- विकसित मध्य प्रदेश का प्रदर्शन हुआ। इसके बाद निवेश प्रोत्साहन यात्रा एवं उपलब्धियों पर आधारित फिल्?म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही मध्य प्रदेश में निवेश के अवसरों एवं उपलब्धियों पर आधारित और ॱल्लЎ२३.स्र.ड्ढ५.ल्ल पहल को प्रदर्शित करती फिल्म का प्रदर्शन किया गया। गर्व का अनुभव करवातीं इन फिल्?मों के प्रदर्शन के बाद वीर भारत न्यास द्वारा प्रकाशित श्रीमद्भ गवतगीता एवं अभ्युदय मध्य प्रदेश केंद्रित ज्ञान प्रतियोगिता पोर्टल/एप की लॉचिंग भी की गई। न्यास द्वारा प्रकाशित युगयुगीन भारतवंशी और इंटैक संस्था द्वारा प्रकाशित जिओ हेरिटेज ऑफ उदयपुर, पुस्तक का लोकार्पण किया गया। मदन मोहन उपाध्याय द्वारा इसका संपादन किया गया हैं। इसके साथ ही आसमान की ऊंचाईयों को छूती रंगारंग आतिशबाजी ने भी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्या?गिकी परिषद् द्वारा देश में पहली बार 2 हजार ड्रोन का भ०?य शो आयोजित किया गया। इस ड्रोन शो महाकाल मंदिर, सिंहस्थ, अभ्युदय मध्यप्रदेश सहित 12 आकृतियां दशार्यी गईं। भ०?य ड्रोन-शो के बाद समवेत संगीत प्रस्?तुति ₹विश्ववन्द - श्रीकृष्ण की सांगीतिक यात्रा₹ का प्रदर्शन हुआ। रात में सुप्रसिद्ध पाश्?वगायक जुबिन नौटियाल की प्रस्तुति हुई। जुबिन ने भी मंच पर आते ही गीत से पूरे वातावरण में अपनी मखमली आवाज का जादू बिखेर दिया। गीतों का यह सिलसिला देर रात तक लगातार जारी रहा।



### पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ सबसे पहले मध्य प्रदेश में

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएमश्री पर्यटन हेली सेवा प्रारंभ करने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला प्रांत है। आने वाले 5 वर्ष में प्रदेश का बजट दोगुना हो जाएगा। उन्होंने कहा कि तीन अंतर्राज्यीय सिंचाई परियोजनाएं प्रारंभ हुई है। केन-बेतवा, पार्वती-काली-सिंध-चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना और ताप्ती मेगा परियोजना के माध्यम से प्रदेश का विशाल क्षेत्र सिंचित होगा। पेयजल व्यवस्थाओं के साथ उद्योगों को भी पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि भोपाल के इस ग्राउंड पर जुबिन नौटियाल जैसे कलाकार अपने दल के साथ विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। इसके साथ ही 500 कलाकार विश्वंद की प्रस्तुति दे रहे हैं।

### उज्जैन में आए 7 करोड़ श्रद्धालु और पर्यटक

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व में विरासत के संरक्षण के साथ विकास का कार्य हो रहा। सांस्कृतिक अनुष्ठान जारी है। उज्जैन में 7 करोड़ से अधिक पर्यटक और श्रद्धालु आए हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम मुस्कुरा रहे हैं। ओरछा और चित्रकूट प्रदेश के विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक आस्था के केंद्र हैं। चित्रकूट में 28 करोड़ से अधिक राशि से अनेक विकास कार्य किए जाएंगे।


### तीन दिन कार्यक्रमों की धूम

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थापना दिवस पर पहली बार तीन दिवसीय कार्यक्रम हो रहे। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन दो दिन होगा। रविवार और सोमवार को यह प्रस्तुति देखने सभी लाल परेड ग्राउंड आएंगे। मन भावन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आने वाले 2 दिन राज्य उत्सव की धूम रहेगी। प्रदेश के विकास पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने समस्त नागरिकों को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस की बधाई दी।

## मध्य प्रदेश में तीन दिन तक हल्की बारिश के आसार, लुढ़केगा तापमान, आज 10 जिलों में अलर्ट

- इंदौर-जबलपुर संभाग में बारिश की चेतावनी, भोपाल-ग्वालियर-उज्जैन में छाए रहेंगे बादल

**एजेंसी**



**भोपाल :** मध्य प्रदेश में नवंबर की शुरूआत बारिश और ठंड दोनों के साथ होने जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम, भोपाल और उज्जैन संभाग के कई जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। आज रविवार को इंदौर, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग के 10 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि भोपाल, ग्वालियर और उज्जैन में बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में दो निम्न दाब क्षेत्र सक्रिय हैं, लेकिन उनका प्रभाव मध्य प्रदेश में सीमित रहेगा। उन्होंने कहा कि ह्लफिलहाल हल्की बारिश के आसार हैं, भारी वर्षा का कोई अलर्ट नहीं है।ह्व पिछले तीन-चार दिनों से सक्रिय सिस्टम अब कमजोर पड़ने लगा है। अगले 24 घंटे में झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में बारिश की संभावना जताई गई है। भोपाल में शाम या रात के समय बूंदाबांदी हो सकती है। 3 नवंबर की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) सक्रिय होने का अनुमान है, जिसका असर दो दिन बाद प्रदेश में महसूस होगा। इसके चलते उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं चलेंगी और तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

**अक्टूबर में उम्मीद से ज्यादा बरसे बादल**

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर महीने में मध्यप्रदेश में सामान्य से 121% अधिक बारिश दर्ज की गई। औसतन 2.8 इंच वर्षा हुई, जबकि सामान्य बारिश 1.3 इंच होती है। भोपाल में इस दौरान दिन का तापमान 24 डिग्री तक पहुंच गया, जो पिछले 25 वर्षों में अक्टूबर का सबसे ठंडा दिन रहा।

उज्जैन, छतरपुर और नरसिंहपुर समेत कई जिलों में भी अधिकतम तापमान 24 डिग्री से नीचे रहा। बारिश के आंकड़ों में श्योपुर सबसे आगे रहा, जहां 6.52 इंच पानी गिरा। झाबुआ में 5.52 इंच, सिंगरौली में 5.35 इंच, सीधी में 5 इंच और अनूपपुर में 4.82 इंच बारिश दर्ज की गई। प्रदेश के 53 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई, जबकि केवल खंडवा में औसत से कम बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार मानसून का समापन भी ह्लहैप्पी एंडिंगह्व के साथ

### पंचनद धाम में कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान पर्व और मेले की तैयारियां अंतिम चरण में

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया, इटावा, जालौन, सहित तीन जनपदों के लिए एक विशेष धार्मिक स्थल पंचनद धाम तीर्थ क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष लगने वाले स्नान पर्व और मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यह आयोजन यमुना, चंबल, सिंध और कुंवारी नदियों के पवित्र महासंगम पर होता है, जहाँ दूर-दूर से श्रद्धालु एकत्रित होते हैं। बाबा साहब मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य मेला एवं मंदिर प्रांगण का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। घाट निर्माण के लिए जेसीबी और ट्रैक्टरों की मदद से घाट को सजाया गया है। इसके साथ ही विद्युत व्यवस्था, माइक द्वारा अनाउंसमेंट और सीसीटीवी कैमरों की स्थापना कर सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। खोया-पाया कार्यालय और पुलिस फोर्स भी पूरी तरह तैनात रहेगा। मेला पूर्णमासी से लगभग एक सप्ताह तक चलता है, जिसमें झूले, तरह-तरह की दुकानें और यमुना व चंबल की परिहारी की बकरियों का पारंपरिक बाजार भी लगता है, जो हजारों वर्षों से प्रसिद्ध रहा है। आयोजन की सफलता में महंत सुमेरवन महाराज के साथ-साथ बाबा साहब प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरगोविंद सिंह सेंगर, महामंत्री अंजनी कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष रामऔतार तिवारी, उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह सेंगर और अन्य समिति सदस्य सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।

## मप्र: पचमढ़ी में कांग्रेस के जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर आज से

- राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे भी पहुंचेंगे पचमढ़ी

**एजेंसी**

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में कांग्रेस द्वारा पार्टी के सभी 71 जिला अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए पचमढ़ी के एमपीटी होटल हाइलैंड सहित अन्य होटलों में आज (रविवार) से 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 11 नवंबर तक चलने वाले इस शिविर में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी एक दिन शामिल होंगे। उनका 8 से 10 नवंबर के बीच आगमन संभावित है। राहुल गांधी बिहार चुनाव के पहले चरण के मतदान (6 नवंबर) के बाद पचमढ़ी पहुंचेंगे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवकांत पांडे ने बताया कि शिविर में राहुल गांधी और खड़गे का आने का कार्यक्रम जारी हो चुका है, लेकिन तय तारीख जल्द घोषित होगी। राहुल गांधी इस दौरान जिलाध्यक्षों को न केवल संबोधित करेंगे, बल्कि उनसे वन-टू-वन भी करेंगे। जिसमें वे जिले की सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों, चुनौतियों और भविष्य की रणनीति पर बात कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के तुरंत बाद 60 दिनों का प्रोग्राम घोषित किया जाएगा, जिसमें पूरे प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत कांग्रेस कमेटी और वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके लिए सभी नेताओं, पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कांग्रेस के 71 जिला अध्यक्ष 10 दिनों तक पचमढ़ी में रहकर प्रशिक्षण लेंगे। इस दौरान अलग-अलग एक्सपर्ट्स डेली रूटीन, पब्लिक डीलिंग, बूथ मैनेजमेंट, कैडर मैनेजमेंट से लेकर चुनौतियां और भविष्य की रणनीति सिखाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन राव, सांसद और पूर्व आईएएस अफसर शशिकांत सैंथिल, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा, जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल और हरीश चौधरी, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अरुण यादव, जीतू पटवारी जिला अध्यक्षों को प्रशिक्षण देंगे।

## बलरामपुर : राज्योत्सव में पार्किंग की रहेगी विशेष व्यवस्था, प्रशासन ने बनाए पांच जोन

**बलरामपुर :** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत जयंती राज्योत्सव 2025 के अवसर पर बलरामपुर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम आज से आगाज होने जा रहा है।आयोजन स्थल पर आने वाले अतिथियों और आम नागरिकों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने पार्किंग की व्यापक व्यवस्था की है, जिससे कार्यक्रम के दौरान यातायात सुचारू बना रहे और लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो। कार्यक्रम स्थल के आसपास प्रशासन ने कुल पांच पार्किंग जोन निर्धारित किए हैं। इनमें पी-1 को वीआईपी पार्किंग के रूप में चिन्हित किया गया है, जहां अतिथि, जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपने वाहन पार्क करेंगे। वहीं पी-2, पी-3 और पी-4 आम नागरिकों के लिए सामान्य पार्किंग के रूप में रखी गई है, ताकि बड़ी संख्या में आने वाले दर्शकों के वाहन व्यवस्थित रूप से खड़े किए जा सकें। इसके अतिरिक्त पी-5 पार्किंग मीडिया प्रतिनिधियों के लिए निर्धारित की गई है। राज्योत्सव परिसर तक पहुंचने वाले सभी मार्गों पर दिशा-सूचक बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे वाहन चालकों को पार्किंग स्थल तक पहुंचने में सुविधा हो। साथ ही पार्किंग स्थलों पर पुलिस बल तैनात किए गए हैं, जो वाहनों की एंट्री और निकासी का संचालन करेंगे। प्रशासन ने बताया कि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष एहतियात बरते जा रहे हैं। पूरे क्षेत्र में बैरिकेडिंग की गई है और वैकल्पिक रूट भी तय किए गए हैं, ताकि भीड़भाड़ की स्थिति में किसी प्रकार की परेशानी न हो। राज्योत्सव के आगाज के साथ ही बलरामपुर में उत्सव का माहौल है।मंच सजे हैं, स्टॉल तैयार हैं।

## कठुआ में पुलिस पार्टी पर पथराव: चार पुलिसकर्मी घायल, ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**कठुआ :** एक चौंकाने वाली घटना में कठुआ जिले में गुज्जर परिवारों के सदस्यों ने एक पुलिस टीम पर पत्थरों से हमला कर दिया जब वे एक संदिग्ध ड्रग तस्कर को गिरफ्तार करने गए थे। खबरों के मुताबिक, राजबाग पुलिस स्टेशन और एसओजी हीरानगर की एक संयुक्त टीम एक वांछित ड्रग तस्कर को पकड़ने के लिए तहसील महानपुर के अंतर्गत प्लाई गांव पहुंची जिसकी पहचान हरदु मुट्ठी (प्लाई राजबाग) निवासी हनीफ के पुत्र सुरमू के रूप में हुई। जैसे ही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया स्थानीय गुज्जर समुदाय के कुछ सदस्यों ने कथित तौर पर पुलिस पार्टी पर पथराव शुरू कर दिया जिसके परिणामस्वरूप चार पुलिसकर्मी - हैप्पी शर्मा, सुभाष सिंह, मीनाक्षी शर्मा और बंटी लालोत्रा घायल हो गए। घायल अधिकारियों को तुरंत इलाज के लिए जीएमसी कठुआ ले जाया गया। हमले के बावजूद पुलिस ने आरोपी ड्रग तस्कर सुरमू को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया और आगे की जांच के लिए उसे राजबाग पुलिस स्टेशन ले आई। मामला दर्ज कर लिया गया है और अधिकारी पुलिस टीम पर हमले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सकते हैं।

# पश्चिम बंगाल : अधूरे फॉर्म वाले मतदाताओं की अलग सूची जारी करेगा चुनाव आयोग

**एजेंसी**




**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची सुधार को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए चुनाव आयोग ने साफ कर दिया है कि चार नवंबर से शुरू होने वाले स्पेशल इंटेंसिव रिव्यू (एसआईआर) के दौरान जिन लोगों के फॉर्म समय पर जमा नहीं होंगे, उनके नाम अलग सूची में डाल दिए जाएंगे। आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची नौ दिसंबर को आएगी। लेकिन उससे पहले ही यह स्पष्ट कर दिया जाएगा कि किन लोगों के फॉर्म नहीं पहुंचे और उन्हें मृत, फर्जी या कहीं और शिफ्ट हुए मतदाताओं की कैटेगरी में रखा जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि असली मतदाताओं को अपने नाम हटने का कोई झटका न लगे। चुनाव आयोग का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब राज्य में इसे लेकर काफी राजनीतिक गर्मी बढ़ चुकी है। तृणमूल कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि किसी भी असली मतदाता का नाम लिस्ट से गायब हुआ, तो सड़क पर उतरकर विरोध किया जाएगा। अभियान को तीन चरणों में पूरा किया जा रहा है। पहले चरण में चार नवंबर से बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर फॉर्म बांटेंगे और भरवाए गए फॉर्म वापस लेंगे। इसके बाद ड्राफ्ट सूची जारी होगी। इसके बाद आएगा दूसरा चरण, जहां मतदाता और राजनीतिक दल आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे- किसी नाम की गलत स्पेलिंग हो या पता बदल गया हो। आयोग इन आपत्तियों की पड़ताल करेगा। अंतिम चरण में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी सभी शिकायतों पर अंतिम फैसला लेंगे और फिर अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। पूरी प्रक्रिया मार्च 2026 तक पूरी हो जाएगी। गौरतलब है कि बंगाल में इस तरह का आखिरी एसआईआर सन् 2002 में हुआ था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज हरिद्वार में पतंजलि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी

**देहरादून :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से 4 नवंबर तक उत्तराखंड के हरिद्वार, देहरादून व नैनीताल के दौरे पर रहेंगी। तीनों जिले हाई अलर्ट पर रहेंगे। आज राष्ट्रपति हरिद्वार में पतंजलि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में प्रातः 10. 30 बजे से दीक्षांत समारोह आयोजित होगा। समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव व पतंजलि विश्व विद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण समारोह में मौजूद रहेंगे। समारोह में 54 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, साथ ही 62 शोधार्थियों को पीएचडी, 3 विद्वानों को डी.लिट. की उपाधि और 744 स्नातक व 615 परास्नातक विद्यार्थियों सहित कुल 1424 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ सुरक्षा इंतजामों पर कड़ी नजर रखी रहे हैं।

### झाड़ग्राम मेडिकल कॉलेज में इलाज में लापरवाही से किशोरी की मौत, परिवार ने किया प्रदर्शन

**झाड़ग्राम :** झाड़ग्राम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज में लापरवाही के आरोप को लेकर शनिवार शाम जमकर उत्तेजना फैल गई। मृतक किशोरी की पहचान भारती पटन (17) के रूप में हुई है, जो झारखंड के चाकुलिया के मोटाबांध गांव की निवासी थी। परिवार का आरोप है कि शुक्रवार को वे अपनी बेटी को झाड़ग्राम मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाने आए थे। लेकिन भर्ती के बाद से ही उसे उचित उपचार नहीं दिया गया, जिसके चलते किशोरी की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने अस्पताल परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया और चिकित्सकों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पाकर झाड़ग्राम थाने की पुलिस मौके पर पहूंची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने स्थिति को शांत कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना के बाद से अस्पताल प्रशासन की भूमिका पर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं, वहीं स्थानीय लोगों में भी अस्पताल की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी देखी जा रही है।

### बिहार: जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह देर रात गिरफ्तार, दुलारचंद यादव हत्याकांड में पुलिस की कार्रवाई, आज अदालत में पेश किया जाएगा

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच मोकामा के दुलारचंद यादव हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देर रात पटना पुलिस ने पूर्व बाहुबली विधायक और जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।एसएसपी की अगुवाई में पुलिस टीम ने अनंत सिंह को बाढ़ स्थित कारगिल मार्केट से हिरासत में लिया और उन्हें लेकर पटना पहुंची। उनके दो सहयोगी मणिकांत ठाकुर और रणजीत राम को भी गिरफ्तार किया गया है। तीनों को अदालत में पेश किया जाएगा। दुलारचंद यादव हत्याकांड के सिलसिले में जेडीयू उम्मीदवार अनंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। 30 अक्टूबर को मोकामा के तारतर इलाके में दो पक्षों में भिड़ंत हुई थी, जिसके बाद दुलारचंद यादव का शव बरामद हुआ। दोनों तरफ से इसे लेकर मुकदमा दर्ज कराया गया था।पुलिस की शुरूआती जांच में साफ हुआ है कि घटना के समय अनंत सिंह अपने सहयोगियों के साथ मौके पर मौजूद थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर चोट और गोली लगने के निशान मिले हैं। इस घटना में अनंत सिंह को मुख्य अभियुक्त बनाया गया है। 75 साल के दुलारचंद यादव मोकामा के तारतर गांव के रहने वाले थे। मोकामा टाल क्षेत्र में दुलारचंद यादव का काफी प्रभाव था और खुद भी कई बार विधानसभा चुनाव लड़ा था। उन्हें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का करीबी माना जाता था। इस विधानसभा चुनाव के दौरान दुलारचंद यादव जनसुराज पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान यह घटना हुई।

### विंध्याचल में दीपदान महोत्सव की भव्य छटा, मां विंध्यवासिनी धाम हुआ आलोकित

**मीरजापुर :** विंध्याचल धाम में शनिवार रात मां विंध्यवासिनी दीपदान महोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिर प्रांगण दीपों की उज्ज्वल रोशनी से ऐसा आलोकित हुआ कि मानो धरती पर स्वर्ग उतर आया हो। हर कोना जलते दीपों से जगमगा उठा और पूरी विंध्यधाम नगरी आस्था, भक्ति और सौंदर्य का संगम बन गई। पूरे मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया, फूलों की झालरों और दीपमालाओं से सुसज्जित विंध्याचल का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत अनुभव रहा। दीपों की लहरों के बीच मां विंध्यवासिनी का दरबार सितारों की भांति झिलमिलाता रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार रहे। वहीं विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, एसपी सिटी नितेश सिंह सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भारत की गौरांगी गौरी (रूपम पांडे) ने अपने मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनके सुरों से पूरा धाम जय मां विंध्यवासिनी के जयघोष से गूंज उठा। महोत्सव के मुख्य व्यवस्थापक एवं संयोजक प्रधान पुजारी श्री शेखर शरण उपाध्याय रहे, जबकि कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभु सिंह (धनबाद) और प्रमोद कुमार (हैदराबाद) ने आयोजन में विशेष सहयोग किया। भारी भीड़ के बावजूद व्यवस्था सुचारु रही। दीपों की लौ और भक्ति संगीत की मधुर ध्वनियों से विंध्याचल धाम देर रात तक देवीमय वातावरण में डूबा रहा।

### अज्ञात बदमाशों द्वारा युवक की गोली मारकर हत्या

**जौनपुर :** उत्तर प्रदेश के जौनपुर के सरायख्वाजा थानान्तर्गत कडैला गांव में एक युवक की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक (देहात)आतिश कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार की रात एक युवक को बदमाशों द्वारा गोली मार देने की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस टीम पहुंचकर घायल युवक को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहाँ उपचार के दौरान मखन्चू की मौत हो गयी। मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ द्वारा घटना का खुलासा करने के लिए चार टीमों का गठन किया गया है। घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है

### हाफ मैराथन पूरी करने के बाद सीएम उमर ने धावकों का उत्साह बढ़ाया

**श्रीनगर :** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला रविवार को कश्मीर मैराथन के दूसरे संस्करण में भाग लेने के लिए 1500 से अधिक धावकों के साथ शामिल हुए और उन्होंने श्रीनगर में सुरम्य डल झील के किनारे हाफ मैराथन पूरी की। मुख्यमंत्री ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपना अनुभव साझा करते हुए लिखा कि अभी-अभी कश्मीर हाफ मैराथन पूरी की। मैंने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया लेकिन पिछले साल मैंने अपने प्रयास में सुधार किया। पूर्ण मैराथन और हाफ मैराथन पूरी करने वाले सभी धावकों को बधाई। उमर अब्दुल्ला घाटी के प्रमुख खेल आयोजन में कई उल्लेखनीय प्रतिभागियों में से एक थे जिसमें 27 भारतीय राज्यों और 11 देशों के धावक शामिल हुए थे।

न्यूज IN ब्रीफ

## माकपा व किसान सभा ने तमाड़ प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन




**मुरी :** माकपा एवं किसान सभा के तत्वावधान में जनता के जनमुद्दों पर तमाड़ प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया, इसके पूर्व 11 बजे से 3 बजे तक धरना दिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम अंचलाधिकारी को 27 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। सूचना के बाद बी,डी,ओ, के भागने पर प्रदर्शनकारियों में आक्रोश दिया। मुख्य वक्ता के रूप में माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य सह झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने संबोधित करते हुए कहा अधिकारी अपने काम के बजाय लूट का रास्ता बनाते हैं, प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार का दुर्गंध आम जनता में फैल गया है, आदिवासी, दलित, पिछड़े व आम किसान आवास सहित अन्य योजनाओं में लूट का शिकार बनते हैं, पंचायतों में धान क्रय केंद्र न रहने के कारण एम-एस पी नहीं मिलता, महाजनों द्वारा धान लूट के शिकार बनते हैं,जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदा पर कारपोरेट कब्जा व जबरन जमीन अधिग्रहण बढ़ा है, मनरेगा में 23 दिन ही काम मिलता है, हाथियों के आतंक से किसान तबाह है, पलायन, विस्थापन, बेरोजगारी,नीजिकरण जनता को तबाह कर दिया है । उक्त मांगों को लेकर 26 नवंबर को राजधानी सहित जिला मुख्यालय पर देशव्यापी प्रदर्शन होगा। इसके अलावे जिला सचिव दिवाकर सिंह मुंडा, जिला कमिटी सदस्य लोधरो मुंडा,मंगल मुंडा,जेहरु लाल मुंडा, किसान नेता मनबोध मुंडा, विशेश्वर महतो,सोमबारी देवी,गुरूवारी देवी,लुडूमनी देवी,तिजन देवी,सोना मुंडा, बिजली देवी,धासी राम मुंडा, जयपाल सिंह मुंडा,सुरजन मुंडा, सहदेव मुंडा, कृष्ण सिंह मुंडा,घासीराम स्वासी से हरिबोला मांझी,सुनदरसाय महतो करम सिंह मुंडा, शिवचरण मुंडा ने संबोधित किया।घुसखोरी नहीं चलेगा,हर पंचायत में धान क्रय केंद्र खोलना होगा और हाथियों के आतंक से किसानों को बचाना होगा, मनरेगा में 200 दर दिन काम 600 रू मजदूरी देना होगा, सभी गरीबो को आवास, पेंशन देना होगा, पेशा नियमावली लागू करो,सथानिय नियोजन नीति बनाना होगा, पलायन, विस्थापन,लैड बैंक क्षपर रोक लगाओ, आदिवासी , किसानों को वनपटटा देना होगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई का गारंटी करना होगा, सूचना के बाद बी,डी,ओ,भागे जबाब दो आदि नारे लग रहे थे। अध्यक्षता मनबोध मुंडा, एवं संचालन नेहरू लाल मुंडा ने किया।

## नए समाहरणालय भवन को हैंडओवर से पूर्व पूर्ण रूप से करे दुरुस्त : उपायुक्त

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने शनिवार को चरकीपहाड़ी स्थित नव निर्मित समाहरणालय भवन का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने हैंडओवर से पूर्व भवन निर्माण विभाग से नए समाहरणालय हेतु तैयार डीपीआर की तर्ज पर पूर्ण कार्यो का अवलोकन करते हुए संबंधित एजेंसी व कार्यपालक अभियंता को को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। आगे उपायुक्त ने समाहरणालय भवन में आमजनों की सुविधा हेतु आवश्यक सुविधायुक्त वेटिंग रूम, विद्युत व्यवस्था और सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इसके अलावे उपायुक्त श्री लकड़ा ने समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यों की गुणवता की जांच करते हुए शेष बचे कार्यो को पूर्ण करने का निदेश संबंधित कार्यपालक अभियंता व एजेंसी के अधिकारियों को दिया। आगे उपायुक्त ने नये समाहरणालय भवन के अन्तर्गत विभिन्न तल्लो पर कार्यालय कक्ष, मीटिंग हॉल व अन्य कमरों के पूर्ण कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।

ज्ञात हो कि नए समाहरणालय हेतु मोहनपुर अंचल अंतर्गत बरमोरिया मौजा में 39 एकड़ जमीन चिन्हित किया गया था। जहाँ एक ही कैंपस में कई कार्यालय होंगे। साथ ही नए समाहरणालय भवन में आपात स्थिति से निबटने के लिए तीन तरफ से सीढ़ियां बनायी गयी हैं। साथ ही लिफ्ट की भी व्यवस्था की गयी है।

मौके पर उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, जिला नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल देवनाथ देवेन्द्र नाथ, प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहनपुर संतोष चौधरी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## पांच प्रखंडों में आयोजित होगा विशेष बैंकिंग सेवा शिविर

**दुमका :** जिले में बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को बैंक सुविधाओं से जोड़ने एवं झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से दुमका जिले के पांच प्रखंडों में विशेष बैंकिंग सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (वित्तीय सेवा विभाग) के निदेर्शानुसार ॠल्लंल्लू' क्ल्लू'४१ङ्कल्ल रं३४१ं३ङ्कल्ल उेंस्र्ल्ल के तहत पूर्व में सभी पंचायतों में बैंकिंग सेवाओं से संबंधित शिविर आयोजित किए गए थे। इसके बावजूद रानीश्वर, मसलिया, गोपीकान्दर, काठीकुंड एवं शिकारीपाड़ा प्रखंडों में अनेक लाभुकों को अब भी ङउ, आधार सीडिंग, डी.बी.टी. एवं तकनीकी कारणों से योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है।

उक्त समस्याओं के निवारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा निम्नलिखित तिथियों में बैंकिंग सेवा शिविरों के आयोजन का निर्णय लिया गया है–

> रानीश्वर में 04 नवम्बर 2025 को,मसलिया में 11 नवम्बर 2025 को,गोपीकान्दर में 14 नवम्बर 2025 को,काठीकुंड में 18 नवम्बर 2025 को एवं शिकारीपाड़ा में 25 नवम्बर 2025 को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, दुमका को निर्देश दिया है कि निर्धारित तिथियों में सभी बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अधिकतम लाभुकों को इन सेवाओं से आच्छादित किया जाए। साथ ही, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है कि वे प्रखंड कार्यालय में आयोजित शिविरों में बैंकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें एवं शिविरों के सफल आयोजन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए लाभुकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि, ह्लप्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले का कोई भी नागरिक बैंकिंग सेवाओं या सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे।

# कृषि मंत्री ने देवघर जिले में फसल नुकसान का किया आकलन

संवाददाता

**देवघर :** झारखंड सरकार के कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को देवघर जिलान्तर्गत फसल क्षति का जायजा लिया । इस दौरान कृषि मंत्री ने सारवां प्रखंड के रामपुर गांव का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी प्रभावित खेतों का सर्वे कर वास्तविक नुकसान का ब्यौरा राज्य सरकार को भेजने का निर्देश दिया।

इसके अलावा देवघर जिला अंतर्गत चक्रवाती तूफान से हुई फसल क्षति का जायजा लेते हुए किसानों को सलाह दी गई की बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बिमीत फसल के क्षति के भरपाई हेतु टॉल फी नं0-14447 पर कॉल कर सूचना दर्ज कराएं एवं जिन्होनें फसल बीमा नहीं कराया है वो अपने खेत का जीयो टैग फोटोग्राफ एवं खेत का रकवा दर्ज करते हुए आवेदन अंचल अधिकारी के कार्यालय में जमा करें। इन कृषकों को आपदा प्रबंधन के तहत उचित मुआवजा दिया जाएगा। कृषि मंत्री द्वारा अंचलाधिकारी को निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र कर्मचारी, पंचायत सेवक को क्षेत्र में भेज कर क्षति का आकलन करा लें, ताकि क्षति का लाभ जल्द से जल्द दिया जा सके। उल्लेखनीय है कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल काटने के उपरांत 14 दिनों के अंदर हुई क्षति के लिए ही बीमा के लाभ का प्रावधान है जिसके लिए किसानो को 72 घंटे के अंदर टॉल फ्री न पर सूचना देना आवश्यक है '

मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, भूमि संरक्षण (सर्वे) पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रखंड विकास पदाधिकारी सारवां, अंचल अधिकारी सारवां, उप परियोजना निदेशक, आत्मा एवं संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।



## 15 दिनों में कचरा डंपिंग यार्ड नही हटाने पर जन आंदोलन : लक्ष्मण बड़ाईक



संवाददाता

**सिमडेगा :** आज भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 गुलजार गली में ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष संभु भगत के आवास पर चाय पर चर्चा की चर्चा के क्रम में गुलजारी गली निवासियों द्वारा शहर के बीचो-बीच कचरा डंपिंग यार्ड बनाने पर समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया इस पर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने वार्ड नंबर 12 के निवासियों के साथ कचरा डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया निरीक्षण के पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि शहर के बीचो-बीच व्यापार के लिए प्रसिद्ध वार्ड नंबर 12 के गुलजार गली में नगर परिषद द्वारा कचरा डंपिंग याद बनाना निहायत ही घटिया निर्णय है। नगर परिषद का कार्य है शहर को साफ सुथरा रखना पर नगर परिषद ही शहर में गंदगी फैला रही है भारतीय जनता पार्टी नगर परिषद को 15 दिन का समय देती है 15 दिनों के अंदर अगर कचरा डंपिंग यार्ड को नहीं हटाया जाता है तो इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी जन आंदोलन करेगी।

मौके पर भाजपा जिला महामंत्री दिपक पूरी ने कहा कि शहर के बीचो-बीच नगर परिषद द्वारा कचरा एवं मरे हुए जानवर के अवशेष फेक जा रहे हैं यह निंदनीय कार्य है जहां कचरा फेंका जा रहा है उसके बगल में ही मार्केट कंपलेक्स है स्टेडियम है जहां लोग मॉर्निंग वॉक करने आते हैं गुलजार के लिए बिजनेस हब के रूप में भीड़ भाड़ हमेशा रहता है इस कचरा के वजह से महामारी फैलने की संभावना है,नगर परिषद जल्द डंपिंग यार्ड अन्यत्र स्थान्तरित करनी चाहिए। भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि आने वाले दिनों में भारतिय जनता पार्टी द्वारा सभी वार्डो में चाय पर चर्चा की जाएगी और स्थानीय समस्याओं पर चर्चा कर प्रशासन से उसके निराकरण की मांग की जाएगी,वार्ड ल्लङ्क 12 से कचरा डंपिंग यार्ड जल्द हटानी चाहिए क्योंकि कचरा से मरे हुए जानवरो के फेंके जाने से स्थानीय नागरिकों का जिना मुहाल हो गया है एवं महामारी फैलने की आशंका है, अगर नगर परिषद इस डंपिंग यार्ड को जल्द नहीं हटती है तो भारतीय जनता पार्टी जन आंदोलन करेगी।

मौके पर अनुप प्रसाद अनुप केशरी नगर अध्यक्ष दिलीप साहु संटू गुप्ता सत्यनारायण प्रसाद महाबीर बड़ाईक घनश्याम केशरी बजरंग प्रसाद शिवप्रसाद सहित वार्डवासी मौजूद थे।

## कार्य में अनीमियता बर्दास्त नहीं की जाएगी : दिलीप तिर्की

संवाददाता

**सिमडेगा :** आदिवासी कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की सहित राकेश कोंगड़ी मंडल अध्यक्ष, अमृत डुंगडुंग युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ने ग्रामीणों की शिकायत पर कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा पंचायत के लड़बा ग्राम में हो रहे नहर निर्माण और सड़क निर्माण का निरीक्षण किया गया। जिसमें कई स्थानीय युवा लोग साथ रहे। मौके पर पहुँचने पर पता चला कि नहर निर्माण में बहुत तेजी है लेकिन बिना साइड इंजीनियर के जहाँ पर गुणवत्ता देखने वाला कोई भी नही न कोई संबंधित विभाग के लोग। वही एन एच 143 से लड़बा डैम जो कि प्रस्तावित पर्यटक स्थल तक बनने वाली सड़क में मुरुम मिट्टी की जगह ऐसा मिट्टी डाला जा रहा जिसमे टैक्टर चलते ही मिट्टी फट कर फैलती जा रही है, और उसी पर जीएसबी की जगह सीधे बोल्डर डाला जा रहा, यहाँ भी विभाग से देखने वाला कोई साइड इंजीनियर भी नही, न ही कोई बताने वाला की रोड किस गुणवत्ता बनेगा। मौके पर दिलीप ने कहा कि सवेंदक को विभाग की तरफ से खुली छूट होती है, ताकि हिस्से में ज्यादा लाभ हो। काम अच्छा हो या बुरा ये दूसरी बात है लेकिन अहम बात यह है कि बिना विभागीय लोगों के काम कैसे कर सकते हैं, और ऐसा है इसका मतलब साफ है कि गड़बड़ी में दोनों शामिल होते हैं। तभी संवेदक इतना साहस करते हैं, जबकि यह एक प्रस्तावित पर्यटन स्थल है। दिलीप ने यह भी कहा कि जिला उपायुक्त महोदया से इस विषय मे बात कर जानकरी एवं कार्य गुणवत्ता के लिए लिखित भी दिया जाएगा ताकि कार्यप्रणाली पर सुधार आ सके। लोगो को दिलीप ने यह भी कहा कि अगर आपके नजर में ऐसे कोई भी काम क्षेत्र में हो रहे तो सभी जाकर कार्य पर हस्तक्षेप करते हुए विभाग के लोगो से स्थल पर आने की मांग करें। तभी कार्य को सुचारू करने दें। क्योंकि सरकार जो भी इन जैसे कार्यों को हमारे लिए करवाती है इसका इस्तेमाल हम जनता को ही करना है और लापरवाही से काम होने देना खुद एवं समाज के साथ धोखे जैसा है। मौके पर युवा प्रखंड अध्यक्ष निलय प्रेम तिर्की, संतोष बा मंडल महासचिव, पीटर टेटे, निर्मल डुंगडुंग, अनूप मिंज, तेलेस्फोर डुंगडुंग, अमित डुंगडुंग, पवन टेटे, अजित तिर्की, वीरेंद्र सिंह, प्रदीप गोप, बंटू सिंह, नीरज कुल्लू, रुजन नायक सहित अन्य लोग मैजूद रहे।



## प्रधान जिला व डीसी ने नए सिविल कोर्ट कैंपस को लेकर चिह्नित जमीन का किया निरीक्षण

संवाददाता

**देवघर :** जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर झा एवं उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने शनिवार को संयुक्त रूप से जिले नए सिविल कोर्ट कैंपस को लेकर चिह्नित जमीन का निरीक्षण किया , ताकि प्रस्तावित स्थल की व्यवहार्यता और तैयारी का आकलन किया जा सके। इस दौरान तैयार डीपीआर के अनुसार किए जाने वाले विभिन्न कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री झा एवं उपायुक्त श्री लकड़ा ने गौरा मौजा में नए कोर्ट भवन के निर्माण को लेकर किए जाने वाले विभिन्न कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए डीपीआर को लेकर संबंधित एजेंसी व कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ज्ञात हो कि 20 एकड़ भूमि को चिह्नित किया जा चुका है, और अतिरिक्त 12 एकड़ भूमि न्यायिक आवास के लिए आरक्षित की गई है। मौके पर उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, अंचलाधिकारी मोहनपुर संतोष चौधरी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## विश्व पोलियो दिवस पर विशाल जन-जागरूकता रैली का आयोजन

**जमशेदपुर :** विश्व पोलियो दिवस पूरी दुनिया को पोलियो-मुक्त समाज बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों को रेखांकित करने और इस मुहिम में अग्रिम पंक्ति में कार्य कर रहे लोगों के अथक योगदान को सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष की थीम एंड पोलियो एवरी चाइल्ड, एवरी वैक्सीन, एवरीवेयर इस संदेश को दोहराती है कि कोई भी बच्चा, कहीं भी, टीकाकरण से वंचित न रहे। त्योहारों के कारण रोटरी जिला 3250 द्वारा पोलियो दिवस रैली को 2 नवम्बर के लिए स्थगित किया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर की नौ रोटरी क्लबों – रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट, जमशेदपुर ईस्ट, जमशेदपुर मिडटाउन, जमशेदपुर स्टील सिटी, जमशेदपुर फेमिना, जमशेदपुर दलमा, जमशेदपुर, और जमशेदपुर नेक्स्टजेन – ने संयुक्त रूप से एक भव्य पोलियो जागरूकता रैली का आयोजन किया। यह रैली रोटरी टाइम्स स्क्वायर, बिष्टुपुर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से लगभग दो किलोमीटर तक निकाली गई। रैली का शुभारंभ रोटेरियन बच्चू मास्टर द्वारा किया गया, जो जमशेदपुर में पोलियो उन्मूलन मिशन के प्रारंभिक दिनों से जुड़े रहे हैं।इस अवसर पर रीजन डायरेक्टर रोटेरियन शरद चंद्रन, पीडीजी डॉ. भारत, रोटेरियन तनेजा, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन डी. एन. जेना, पास्ट एजी रोटेरियन अंजनी निधि, तथा अध्यक्ष रोटेरियन अशोक झा ने अपने विचार व्यक्त किए।

### इंटरनेट सेवा संघर्ष मोर्चा की जन आक्रोश सभा संपन्न

## इंटरनेट सेवा आज कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन का अनिवार्य डोर है : अमृत

संवाददाता

**ताराबोगा/ठेठईटांगर/सिमडेगाः** ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं की बदहाली और संचार अवसंरचना की गंभीर कमी को लेकर ह्लइंटरनेट सेवा संघर्ष मोर्चाह्व के बैनर तले 1 नवंबर 2025 को ताराबोगा के संत अन्ना स्कूल मैदान में एक ऐतिहासिक जन आक्रोश सभा आयोजित की गई। इस सभा में भारी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी ने यह साबित कर दिया कि अब ग्रामीण जनता अपने डिजिटल अधिकारों के प्रति जागरूक और आंदोलनशील हो चुकी है।

सभा की अध्यक्षता करते हुए मोर्चा के वरीय सदस्य एवं भारत आदिवासी पार्टी के जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने कहाः ह्लइंटरनेट सेवा आज कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन की वह अनिवार्य डोर है जो शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, प्रशासनिक पारदर्शिता और जनकल्याण के हर पहलू को जोड़ती है। लेकिन दुर्भाग्य है कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग नेटवर्क की एक किरण के लिए छत पर चढ़ने को मजबूर हैं। यह सिर्फ इंटरनेट का संकट नहीं है, बल्कि ग्रामीण भारत के सपनों, आकांक्षाओं और अधिकारों पर चोट है...ह्व



उसके बाद फादर जोसेफ समद, प्रधानाध्यापक, संत इग्निस उच्च विद्यालय, सलांगपोस ने कहाः ह्लग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल पहुंच की कमी से बच्चों की शिक्षा, युवाओं के अवसर और समाज का समग्र विकास बाधित है। आज इंटरनेट सेवा सुधरना किसी सुविधा से बढ़कर एक मूलभूत अधिकार बन गया है।

मुखिया बलदेव सिंह (तारबोगा) ने कहाः ह्लगांव की हर पंचायत में नेटवर्क का अभाव है, जिससे आमजन को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ नहीं मिल पा रहा। प्रशासन को समझना होगा कि इंटरनेट अब जीवन का जरूरी हिस्सा है।

अधिवक्ता जॉन कुल्लू ने कहाः ह्लयह सिर्फ तकनीकी मुद्दा नहीं, बल्कि मौलिक अधिकारों का सवाल है। आवश्यकता पड़ी तो इस मुद्दे पर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा।

पीडीएस संचालक नितेश कुमार (ताराबोगा) ने बतायाः ह्लडिजिटल सिस्टम पर आधारित राशन वितरण प्रक्रिया नेटवर्क की समस्या के चलते अटक रही है। इसका सीधा असर गरीब और वंचित तबकों पर पड़ रहा है।

इशाक डुंगडुंग, पंचायत समिति सदस्य ने कहाः ह्लपंचायत स्तरीय विकास, बैठकों, सार्वजनिक योजनाओं की मॉनिटरिंग समेत सब कुछ इंटरनेट पर निर्भर है। अब समय आ गया है कि हम सामूहिक आवाज उठाएं।

सिस्टर पुष्पा खेस, प्रधानाध्यापिका, संत अन्ना उच्च विद्यालय, ताराबोगा ने कहाः ह्लऑनलाइन शिक्षा और ी-पोर्टल पर आधारित शैक्षणिक प्रक्रियाएँ ग्रामीण बच्चों के लिए सपना बन गई हैं। यह हमारे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ है।

वाशिम अकरम, उरउ केंद्र संचालक ने कहाः ह्लई-सेवाओं, बिल भुगतान, पेंशन, आधार अपडेट जैसी मूलभूत सुविधाएँ नेटवर्क बाधा के चलते पूरी तरह प्रभावित हैं। लोग रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भटक रहे हैं।

शीत कुमार बड़ाईक झ सामाजिक कार्यकर्ता ने कहाः डिजिटल असमानता एक नई सामाजिक खाई पैदा कर रही है। जब आज की दुनिया डेटा और कनेक्टिविटी पर काम कर रही है, तब हमारे ग्रामीण भाई-बहन नेटवर्क की तलाश में जंगलों व पहाड़ियों का सहारा ले रहे हैं। यह अस्वीकार्य है और इसे बदलना ही होगा।

3 नवम्बर को प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिलेगा

मोर्चा ने यह चेतावनी भी दी कि यदि प्रशासन शीघ्र इंटरनेट सेवाओं को बहाल करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाता, तो इस आंदोलन को जिला स्तर से राज्यव्यापी स्तर तक ले जाया जाएगा। बैठक में सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।